दैनिक

# जयपुर टाइम्स

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 303 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 28 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## पर्यटन, निवेश और औद्योगिक विकास की राह पर राजस्थान तेजी से अग्रसर

# निवेश अनुकूल नीतियों से प्रदेश के औद्योगिक वातावरण में आया बड़ा बदलाव : सीएम शर्मा







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान पर्यटन, निवेश और औद्योगिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के साथ-साथ प्रभावी सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम से प्रदेश में पर्यटन से संबंधित निवेश प्रक्रियाएं सुगम हुई हैं। उन्होंने निवेशकों से प्रदेश में अधिक-से-अधिक निवेश का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार उन्हें हर संभव सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा गुरुवार को एक निजी होटल में प्रवासी राजस्थानी दिवस के क्रम में आयोजित पर्यटन विभाग की प्री-समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजस्थान को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से न केवल प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से भावनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें राज्य के विकास में सहभागिता का भी मौका मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार शीघ्र नई पर्यटन नीति लाएगी। इसके अंतर्गत पर्यटक सुविधाओं, मार्केटिंग एवं प्रमोशन, मेले एवं त्योहार, डिजिटल एवं एआई, कौशल विकास, युवाओं को रोजगार और निवेश के कार्य पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

### *शेखावटी क्षेत्र में 662 हवेलियां का होगा संरक्षण, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा-*

*शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ-साथ विरासत के मूल मंत्र को आत्मसात् करते हुए राज्य सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन 2.0 और प्रसाद 2.0 के अंतर्गत खाटूश्याम जी, करणी माता मंदिर, मालासेरी डूंगरी समेत अनेक धार्मिक स्थलों का विकास कार्य किया जा रहा है। वहीं, महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट, ब्रज चौरासी परिक्रमा और कृष्ण गमन पथ जैसे परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, इको टूरिज्म और ट्राइबल टूरिज्म के विस्तार पर समर्पित होकर कार्य कर रही है। राजस्थान में कल्चरल, क्राफ्ट-कूजिन, वेडिंग, मेडिकल और फिल्म टूरिज्म भी तेजी से विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शेखावटी क्षेत्र की ऐतिहासिक हवेलियों के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। झुंझुनूं, सीकर और चुरू जिलों की 662 हवेलियों को पर्यटन के लिए संरक्षित किया जा रहा है, जिससे यहां पर्यटन बढ़ेगा।*

### फिल्म निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की सब्सिडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति के माध्यम से फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित कर रही है। इसके अंतर्गत निर्माताओं को 2 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। राजकीय भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर शूटिंग शुल्क में भी राहत दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नई फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति भी लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 5 हजार करोड़ रुपये का राजस्थान टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड गठित किया है। वहीं, मुख्यमंत्री कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से 20 हजार युवाओं और लोक कलाकारों को गाइड, हॉस्पिटैलिटी और पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्री-समिट में उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, मुख्य सचिव वी. निवास, केंद्रीय पर्यटन अपर सचिव एवं महानिदेशक सुमन बिल्ला, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा सहित संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहें।

### *2 लाख रोजगार के अवसरों का होगा सृजन*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए, जिनमें से लगभग 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड-ब्रेकिंग हो चुकी है। इनमें पर्यटन क्षेत्र में कुल 1 हजार 702 एमओयू किए गए थे। उन्होंने कहा कि इन एमओयू से 1 लाख 44 हजार 625 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश से लगभग 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। शर्मा ने कहा कि इनमें से 277 परियोजनाएं ग्राउंड-ब्रेकिंग चरण में प्रवेश कर चुकी हैं, जिनका प्रस्तावित निवेश 10 हजार करोड़ है। इनसे लगभग 16 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।*

### *प्रदेश में 15 करोड़ देशी, 12 लाख विदेशी पर्यटकों का हुआ आगमन*

*शर्मा ने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश है। भव्य किले, महल, हवेलियां, थार का मरुस्थल, वन्यजीव अभयारण्य, आस्था धाम और झीलों की उपलब्धता राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में निराला प्रदेश बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का निरंतर विस्तार हो रहा है। इस वर्ष अगस्त तक राज्य में 15 करोड़ से अधिक देशी तथा करीब 12 लाख विदेशी पर्यटक आ चुके हैं।*

## जैन धर्म जीने की कला सिखाता है, जैन तीर्थ स्थलों के विकास के लिए सरकार कृत संकल्प : भजनलाल शर्मा

### सांगानेर में आदिनाथ जैन मंदिर में जैन साधु संतों का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आशीर्वाद लिया और जैन संतों की पद वंदना कर उन्हें सांगानेर कैंप कार्यालय में लेकर आए







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर स्थित कैंप कार्यालय में जैन समाज के संतों के बीच अपने भाषण में कहा कि जैन समाज हमें जीने की कला सिखाता है जैन समाज के 24 तीर्थ करों ने मानव कल्याण और राष्ट्रीय कल्याण के लिए देश के लोगों को समय-समय पर रास्ता दिखाया है उन्होंने कहा कि जैन धर्म का अहिंसा सबसे बड़ा लक्षण और सिद्धांत रहा जो आज के समय में सबसे ज्यादा प्रासंगिक है क्योंकि आज पूरे विश्व में अहिंसा का वातावरण बना हुआ है ऐसे में जैन समाज का अहिंसा का यह सिद्धांत लोगों के बीच आपस में प्यार मोहब्बत बढ़ाने के साथ-साथ जीव जंतु की हत्या नहीं करने के लिए भी प्रेरित करता है उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार जैन तीर्थ स्थलों के समुचित विकास के लिए कृत संकल्प है और जैन मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के चिकित्सा, पेयजल, सुरक्षा जैसे सभी इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए भी कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से बड़े-बड़े समाज के संत यहां कैंप कार्यालय में आए हैं तो उनके चरणों की धूल से यह कैंप कार्यालय ही नहीं बल्कि पूरे इलाके में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सांगानेर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में पहुंचे जहां उन्होंने जैन समाज के साधु संतों का आशीर्वाद लिया और फिर उनका वंदन करते हुए उनका हाथ पकड़ कर उनके साथ पैदल चलते हुए उन्हें सांगानेर के कैंप कार्यालय में लेकर आए जहां पर पहले से ही बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री शर्मा और जैन समाज के संतों का स्वागत सत्कार किया और संतों का आशीर्वाद लिया इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा को मातृभू सेवक की मानक उपाधि भी दी गई । उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान हैं और हर जाति और धर्म के अग्रज लोगों और साधु संतों का काफी आदर करते हैं और हर संप्रदाय के धर्म स्थल पर और मंदिरों पर जाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद भी लेते रहे हैं कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री शर्मा ने मानसरोवर में गुरुद्वारे में पंजाबी समाज के लोगों की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दिखाई थी वहां भी मुख्यमंत्री शर्मा का पंजाबी समाज के लोगों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया था इस स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा को बाकायदा पंजाबियों की पगड़ी पहनाई गई थी इस समारोह में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने पंजाबी समाज के लोगों को भरोसा दिलाया था कि प्रदेश के सभी गुरुद्वारों के समुचित विकास के लिए सरकार कृत संकल्प है कुल मिलाकर मुख्यमंत्री शर्मा हर जाति और बिरादरी के लोगों में अपने स्वभाव और अपनी कार्यशैली को लेकर काफी लोकप्रिय होते जा रहे हैं उनकी यही वर्किंग स्टाइल और व्यवहार उन्हें राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित कर चुका है ।

## भजनलाल से अभिनेता अक्षय कुमार ने मुलाकात की, फिल्म उद्योग के विषयों पर भी हुई चर्चा

### जयपुर में फिल्म सिटी निर्माण के प्रयास तेज



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को हिंदी फिल्मों के विख्यात अभिनेता अक्षय कुमार ने मुलाकात की दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई है जानकारी के अनुसार दोनों के बीच फिल्म उद्योग से जुड़े विषयों को लेकर गंभीरता से बातचीत हुई है हिंदी फिल्मों से जुड़े कई बड़े लोगों ने इस बार जयपुर दिल्ली राजमार्ग पर अचरोल के निकट भजनलाल सरकार की ओर से प्रस्तावित की गई फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर काफी रुचि दिखा रहे हैं अब जिस तरह से अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात की है उसके बाद ऐसा माना जा रहा है कि कहीं ना कहीं अक्षय कुमार ने भी फिल्म सिटी को लेकर ही मुख्यमंत्री से बातचीत की होगी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद जयपुर में फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर नजर आ रहे हैं इसके लिए उन्होंने कुछ महीने मुंबई में बैठक आयोजित करने के बाद उन्होंने जयपुर दिल्ली राजमार्ग पर अचरोल के पास 100 एकड़ जमीन पर राजस्थान सरकार की ओर से 500 करोड़ रुपए खर्च करके फिल्म सिटी के निर्माण का ऐलान किया था अब जिस तरह से कुछ महीने पहले राइजिंग राजस्थान का आयोजन हुआ था उसमें भी फिल्म उद्योग से जुड़े विषयों को लेकर भी समझौते हुए थे पिछले कुछ सालों से हिंदी फिल्म जगत के कई बड़े कलाकार डायरेक्टर निर्माता निर्देशक यहां जयपुर में राजस्थान सरकार से जुड़े लोगों से मुलाकात करके गए भी हैं मुंबई फिल्म जगत से जुड़े लोग जयपुर और जयपुर के आसपास की लोकेशन को देखकर फिल्म सिटी की स्थापना को लेकर अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से प्रयास भी कर रहे हैं पिछली गहलोत सरकार में भी फिल्म सिटी निर्माण की बात उठी थी लेकिन सरकार की ओर से इस विषय पर गंभीरता से प्रयास नहीं किए गए जिसकी वजह से फिल्म सिटी निर्माण का विषय अटक गया लेकिन अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहले दिन से ही जयपुर में फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर सतत प्रयास करते हुए नजर आ रहे हैं जानकारी यह भी मिली है कि हिंदी फिल्मों के मशहूर निर्माता निर्देशक केसी बोकाडिया ने फिल्म सिटी निर्माण के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण में भूमि के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किया था इसके अलावा और भी बहुत से बड़े कलाकार और निर्माता निर्देशक हैं जो फिल्म सिटी निर्माण में अपनी गहन रुचि दिखा रहे हैं और लगातार राजस्थान सरकार से जुड़े लोगों से बातचीत भी कर रहे हैं गुरुवार को जिस तरह से अक्षय कुमार ने मुख्यमंत्री शर्मा से बातचीत की है उसके बाद ऐसा लग रहा है कि जयपुर के निकट अचरोल में बनने वाली फिल्म सिटी के बारे में भी कहीं ना कहीं अक्षय कुमार ने बातचीत की है अक्षय कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी काफी करीब हैं इसलिए गुरुवार को मुख्यमंत्री शर्मा से हुई उनकी मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है जानकार लोगों का कहना है कि मुंबई में अपराधों के बढ़ते ग्राफ और कई गैंगस्टर के सक्रिय होने की वजह से मुंबई में फिल्म निर्माता निर्देशकों से बड़े-बड़े गैंगस्टर की ओर से हफ्ता वसूली के मामले अब से नहीं बल्कि पिछले कई सालों से देखने को मिले हैं हालांकि फिल्म निर्माण से जुड़े लोग इस तरह के मामलों को ज्यादा ओपन भी नहीं करते क्योंकि उन पर बड़े-बड़े गैंगस्टर का दबाव रहता है इसलिए जयपुर जैसे शांत इलाके में फिल्म सिटी के निर्माण को अब फिल्म उद्योग से जुड़े लोग ज्यादा प्राथमिकता दे रहे हैं इसीलिए अब जिस तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस पूरे प्रोजेक्ट को लेकर काफी गंभीर नजर आ रहे हैं उसके बाद माना जा रहा है कि कई सालों से फिल्म सिटी को लेकर जो खबरें मीडिया की सुर्खियों में तो बनी रही लेकिन हकीकत में फिल्म सिटी का निर्माण नहीं हो पाया अब ऐसा लगता है कि बहुत जल्दी ही जयपुर के निकट फिल्म सिटी हमें नजर आ सकती है और अगर यह फिल्म सिटी शुरू होती है तो राजस्थान सरकार को यहां इनकम में अच्छा फायदा होगा इसके अलावा कई तरह के रोजगार के अवसर भी यहां पर पैदा होंगे जो प्रदेश के विकास के लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे ।

## भारत की आतंकवाद-रोधी रणनीति को मिली नई पहचान: राष्ट्रपति मुर्मू

जयपुर टाईम्स

**दिल्ली (एंजेसी)**अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा माहौल में तेज बदलाव के बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता भारत की आतंकवाद-रोधी और प्रतिरोधक रणनीति का निर्णायक मोड़ साबित हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कार्रवाई से दुनिया ने न सिर्फ भारत की सैन्य क्षमता को देखा, बल्कि शांति की दिशा में दृढ़ लेकिन जिम्मेदार कदम उठाने की उसकी नैतिक स्पष्टता को भी स्वीकार किया। राष्ट्रपति नई दिल्ली में आयोजित चाणक्य डिफेन्स



डायलॉग के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में मई में हुए पहलगाम हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस सैन्य कार्रवाई ने आतंकवाद के ढांचे को तोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाई। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके जवाब में पाकिस्तान की ओर से भी हमले हुए, लेकिन भारत की सभी जवाबी सैन्य कार्रवाइयाँ ऑपरेशन सिंदूर के तहत जारी रहीं। दोनों देशों के बीच तीखा सैन्य तनाव 10 मई की शाम एक समझौते के बाद थमा। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल पारंपरिक युद्ध, काउंटर-इंसर्जेंसी और मानवीय संकटों में अपनी पेशेवर क्षमता को बार-बार साबित कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेना की प्रतिबद्धता ने न सिर्फ सीमाओं को सुरक्षित किया है, बल्कि दुनिया को यह संदेश भी दिया है कि भारत शांति चाहता है, पर अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। मंच पर मौजूद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भी इस अवसर पर संबोधन दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि आज का वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। प्रतियोगी शक्ति-केन्द्र, तकनीकी बदलाव, और नई रणनीतिक चुनौतियां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। साइबर, स्पेस, सूचना और कॉग्निटिव वारफेयर जैसे नए क्षेत्रों ने शांति और संघर्ष की रेखा को धुंधला कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत सभ्यतागत मूल्यों और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना के साथ रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाए हुए है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सेना 'डिकेड ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन' के तहत संरचनात्मक सुधार कर रही है। इसमें युद्ध-सिद्ध क्षमता बढ़ाने, आधुनिक सिद्धांत विकसित करने और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए नई क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ये सुधार भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने में मदद करेंगे। राष्ट्रपति ने सेना की ओर से युवाओं में राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने, एनसीसी विस्तार और खेलों के माध्यम से नए नेतृत्व को तैयार करने के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि युवा महिला अधिकारियों और सैनिकों की बढ़ती भागीदारी से सेना में समावेशिता बढ़ी है।

## 6 दिवसीय आवासीय निःशुल्क बैंक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित 6 दिवसीय आवासीय निःशुल्क बैंक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान अलवर जिले के विभिन्न ब्लाक से राजीविका की 19 महिलाओं ने भाग लिया, जिनका फाइनल पेपर आईआईबीएफ द्वारा लिया गया जिसे महिलाओ ने सफलतापूर्वक पास किया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने बैंकिंग की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और सभी को लोन के बारे में जानकारी दी। संस्था निदेशक जे. पी. मीणा ने संस्थान द्वारा महिलाओं और पुरुषों के लिए चलाए जाने वाले 12 दिवसीय आवासीय निःशुल्क फ़ास्ट फ़ूड प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी, जिससे कि महिलाओं के परिवार के सदस्य भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठा सके। उन्होंने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है। इस अवसर पर सभी महिलाओ को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान डीएम- एफआई राजीविका रमेश चंद मीणा, संकाय सदस्य जय प्रकाश सिंघल, हिमांशी शर्मा, राहुल अठवाल मौजूद रहे।

## नेक कमाई ने किया दो बेटियों का कन्यादान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट के सहयोग से 2 बेटियों का कुछ घंटों की सूचना पर कन्यादान किया गया। इन परिवारों में कुछ दिन बाद ही शादी थी लेकिन इनके पास विवाह का कोई इंतजाम नहीं था। ऐसे में नेक कमाई की टीम ने इनको आनन-फानन में कन्यादान किया। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि इसके साथ ही नेक कमाई तीन वर्ष में 304 कन्यादान कर चुका है जबकि 100 अन्य बेटियों के विवाह में सहायता की गई। इस कार्यक्रम में संरक्षक दौलत राम हजरती ने संस्था के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेविका सुमन लता गेरा थी। कार्यक्रम में रेखा महलावत और पायल प्रधान ने भी विचार व्यक्त किए। कन्यादान कार्यक्रम से जरूरतमंद परिवारों को राहत - नेक कमाई फाउंडेशन का कन्यादान कार्यक्रम पूरे प्रदेश में जाना जाता है जिसमें गरीब व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को शादी से पहले बुलाकर उन्हें कन्यादान का पूरा सामान दिया जाता है। इसके बहुत से गरीब परिवारों की चिंता कम हो गई है। इसमें खानचंद चिमनी बाई हजरती स्मृति सहित कई संस्थाओं का योगदान है।

## धोखाधड़ी के मामले की जाँच के लिए भीलवाड़ा पहुंची अलवर पुलिस

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** कोतवाली थाना पुलिस की टीम अलवर के एक व्यापारी से हुई धोखाधड़ी के मामले की जांच के लिए भीलवाड़ा पहुंची। पीड़ित हरीश जसोरिया की ओर से कोर्ट निर्देश पर यह मुकदमा दर्ज कराया गया था। शिकायत में बताया गया है कि जसोरिया फूड्स एंड स्पाइसेज़ के नाम से उनका व्यापार है जानकारी के अनुसार, 16 जनवरी 2025 को पीड़ित की शहर के एक रिसोर्ट में भीलवाड़ा से आए एक फूड कैटरर और उसकी पत्नी से मुलाकात हुई। उन्होंने अलवर से सामान लेने की इच्छा जताई। इसके बाद 12 फरवरी को पीड़ित को मोबाइल के माध्यम से सामान की सूची भेजी गई। 14 जनवरी को पीड़ित ने लगभग 2 लाख 64 हजार 881 रुपए का सामान भेजा, जिसे सामने वाले पक्ष ने प्राप्त भी कर लिया पीड़ित के अनुसार, भुगतान को लेकर उनसे आश्वासन दिया गया, लेकिन बाद में बिना भुगतान किए वह भीलवाड़ा लौट गए मोबाइल पर संपर्क करने पर भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दे दी शिकायत के अनुसार, 3 मार्च को सामने वाले पक्ष ने अलवर आकर भुगतान करने की बात कही, लेकिन भुगतान नहीं किया। 27 फरवरी को भेजा गया 2 लाख रुपए का चेक बैंक में जमा करवाने पर बाउंस हो गया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में पुलिस टीम आवश्यक तथ्यों की पुष्टि और पूछताछ के लिए भीलवाड़ा रवाना हुई है।

## बहादुर सिंह भान कंवर आदर्श विद्या मंदिर में भामाशाह ने की सभागार भवन बनाने की घोषणा, 50 लाख रुपए की लागत से बनेगा सभागार भवन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भामाशाह निर्मल बैद अमेरिका प्रवासी पुत्र भंवरलाल बैद निवासी काठवाड़ा ने बहादुर सिंह भान कंवर आदर्श विद्या मंदिर सरदारशहर में एक बहुउद्देशीय प्रशाल जिसका नाम निर्मल ज्योति सभागार बनाने के लिए 50 लाख रुपये देने की घोषणा की है। आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला उपाध्यक्ष सुबोध सेठिया ने बताया कि इस सभागार का विधिवत् भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम 12 दिसम्बर को प्रातः 9:30 बजे भामाशाह की मातुश्री झूमर देवी बैद के कर कमलों द्वारा विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सह व्यवस्थापक सुभाष सोनगरा ने कहा कि इस सभागार का उपयोग वंदना सभा, विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों व इन्डोर खेल गतिविधियों के रूप में किया जाएगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मदनलाल प्रजापत, जिला व्यस्थापक सुरेश सैनी व जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे।

पुलिस की बड़ी सफलता

# दिनदहाड़े हुई ज्वैलर्स लूट का चार दिन में खुलासा

### अन्तर्राज्यीय गिरोह का मुख्य आरोपी दबोचा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** 22 नवंबर को तिजारा रोड स्थित राधा ज्वैलर्स पर दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट की वारदात का अलवर पुलिस ने मात्र चार दिनों में खुलासा कर अहम सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि अन्तर्राज्यीय शातिर गिरोह के मुख्य सदस्य सागर उर्फ संजय, निवासी इस्माईलपुर (जिला झज्जर, हरियाणा), को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लूट की वारदात ऐसे दी थी अंजाम

परिवादी ने थाना शिवाजी पार्क में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि दोपहर करीब 3 बजे तीन बदमाश अचानक दुकान में घुसे। एक आरोपी ने ज्वैलर को धक्का देकर कोने में गिराते हुए उसकी गर्दन पर धारदार दरांती रख दी। दूसरे बदमाश ने तिजोरी से सोने-चांदी के जेवरात के दो डब्बे और एक लाख रुपए नकद निकाल लिए। तीसरा बदमाश पिस्तौल लेकर मुख्य द्वार पर खड़ा रहा ताकि कोई बाहर न जा सके तीनों आरोपी करीब एक मिनट के भीतर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।



### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

*घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तुरंत विशेष टीमें गठित कीं। एडिशनल एसपी (मुख्यालय) कांबले शरण गोपीनाथ, वृताधिकारी ग्रामीण शिवानी और वृताधिकारी उत्तर अंगद शर्मा की निगरानी में डीएसटी टीम, साइबर सेल व स्थानीय मुखबिरों को लगाया गया तकनीकी इनपुट और सतर्क मॉनिटरिंग के आधार पर पुलिस ने हरियाणा पुलिस के सहयोग से मुख्य आरोपी सागर उर्फ संजय को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में डीसीपी बहादुरगढ़, हरियाणा का भी विशेष सहयोग रहा।*

### ऐसे सामने आई गिरोह की साजिश

जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह हरियाणा और राजस्थान में कई बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुका है। गिरोह के चार सदस्य पहले भी अलग-अलग लूट के मामलों में हरियाणा की जेल में बंद रहे हैं तीन बदमाश जमानत पर बाहर आए तो उन्होंने चौथे साथी की जमानत करवाने और पुराने कर्ज चुकाने के लिए फिर से लूट की योजना बनाई 22 नवंबर को ही आरोपी अलवर पहुंचे। उन्होंने गूगल मैप के जरिए कई ज्वैलरी दुकानों की रेकी की। तिजारा रोड स्थित राधा ज्वैलर्स उन्हें आसान निशाना लगा। करीब डेढ़ घंटे की रेकी के बाद वारदात को अंजाम दे दिया।

### पुलिस ने आरोपी से सामान किया बरामद

वही पुलिस ने आरोपी 2400 रुपये नकद, एक कटोरी चांदी जैसी सफेद धातु, दो कड़े पुराने सफेद धातु के, एक पायजेब पुराना सफेद धातु, एक जोड़ी पायजेब नया सफेद धातु, दो जोड़ी बुटकी सफेद धातु, एक चैन टैग सहित सोने जैसी धातु, दो पैंडल छोटे-बड़े सोने जैसी धातु, एक मंगलसूत्र चैन टैग सहित सोने जैसी धातु, एक मंगलसूत्र पन्नी सहित सोने जैसी धातु, 24 कांटे एक नग वाले सफेद धातु, दो पत्ते जिनमें कुल 38 कांटे सफेद धातु के, एक पत्ता जिसमें 10 मोटे नग वाले कांटे सफेद धातु के, 71 नग सोने जैसी धातु की छोटी-बड़ी नाक की बालियां, 18 नग सोने जैसी धातु के लोकट नुमा छोटे-बड़े, एक पन्नी जिसमें सोने जैसी धातु, तथा 2 नग कांटे चांदी जैसे।

### बाकी आरोपियों की तलाश तेज

मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुट गई है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर गिरोह का पूरा नेटवर्क उजागर कर दिया जाएगा अलवर में हुई इस बड़ी लूट का चार दिन में खुलासा कर पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह पर प्रभावी शिकंजा कसने में सफलता पाई है।

## राजस्थान मेघवाल समाज संस्था अलवर ने मनाया संविधान दिवस

### सामाजिक लोकतंत्र स्थापना की जताई आवश्यकता

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, अलवर ने गुरुवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, जिला अलवर के सदस्यों ने शाम 6 बजे अ बेडकर सर्किल पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया। राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, अलवर जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री व राजस्थान मेघवाल समाज संस्था, अलवर के महासचिव डॉ महेश गोठवाल ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में संविधान के मुल्यों के प्रति जागरूक करने की वक्ताओं ने आवश्यकता जताई। डॉ अम्बेडकर की इस चिंता को कि देश मे संविधान के माध्यम से राजनीतिक लोकतंत्र तो स्थापित हो गया पर सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के माध्यम से जन जन में सामाजिक और आर्थिक समानता स्थापित करना अभी बाकी है। सभी वक्ताओं ने इस पर कार्य करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे ही सही अर्थों में संविधान अधिनियमित होना सार्थक होगा।



प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्रता के साथ साथ समानता का भाव मिले और उसकी गरिमा अक्षुण बनी रहे इसके लिए सभी ने कार्य करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष निहाल सिंह, देवप्रकाश व्या याता, मनोहर लाल गोरा, फूलचंद आर्य, किशोर सिंह गोरा, शीशराम कन्नौजिया, परमिंदर सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ बी आर शास्त्री, महासचिव डॉ महेश गोठवाल आदि मौजूद रहे।

## 5 ग्राम पंचायतों में 2.43 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण, जनप्रतिनिधियों का ग्रामीणों ने किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों में 2.43 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण गुरुवार को किया गया। विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में जिला परिषद और पंचायत समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों के लोकार्पण के चौथे चरण के तहत पांच ग्राम पंचायतों में 2.43 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्दघाटन किया गया। ग्राम पंचायत राजासर पंवारान में 39.42 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भोजासर छोटा में 29.11 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नैणासर सुमेरिया 38.70 लाख रूपए, ग्राम पंचायत तोलासर में 116.11 लाख रूपए और ग्राम पंचायत रोलासर 20.41 लाख रूपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, प्रधान निर्मला राजपुरोहित, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित सहित भाजपा नेताओं नें किया। ग्राम पंचायतों में चारदिवारी, गेट निर्माण, खरंजा निर्माण, कचरा संग्रहण केंद्र, थ्री फेज ट्यूबवेल, पुस्तकालय भवन, विद्यालयों में कक्षा-कक्ष निर्माण, आंतरिक सड़क निर्माण, टिन शेड, पानी की टंकी, सार्वजनिक विश्रामगृह, बरामदा निर्माण जैसे विभिन्न विकास कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान गांव भोजासर छोटा के ग्रामीणों नें पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां और उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित को 5100-5100 रूपए की नोटों की माला पहनाकर सम्मान किया गया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री रिणवां नें कहा की भाजपा के सुशासन में बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा और मूलभूत आवश्यकताओं के काम प्राथमिकता से करवाए जा रहें है। यह श्रृंखला अनवरत यूं ही जारी रहेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित नें कहा की हमारे कार्यकाल में हमनें विकास कार्यों में कोई कंजूसी नहीं बरती, जनहित के कार्यों के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल, केशराराम नायक, दुर्गाराम, विनोद नायक, मंगलाराम, दुर्गा देवी मेघवाल, प्रकाश पूनियां, दीपक शर्मा, चमकोरी देवी, पुष्पा देवी, रामलाल, राज्यवर्धन सिंह सहित ग्रामीणों नें लोकार्पण करने पहुंचें अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया।

## सरस्वती कॉलेज में आयुर्वेद नर्सिंग एंड फ़ार्मेसी डिप्लोमा का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के सरस्वती आयुर्वेद नर्सिंग एंड फ़ार्मेसी कॉलेज में नवीन मान्यता मिलने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा वंदना से नवीन कोर्स का शुभारंभ किया गया। प्रो मोहन लाल शर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या है और आयुर्वेदिक नर्सिंग डिप्लोमा करने से इसका प्रभावी समाधान हो सकता है। उन्होंने सविस्तार इसके फ़ायदे बताए तथा इस डिप्लोमा कोर्स में भाग लेने का आह्वान किया। विशिष्ठ अतिथि महेंद्र स्वामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कोर्स बहूत ही उपयोगी तथा प्रभावी है। संस्थान सचिव ओमप्रकाश सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में अपने क्षेत्र में केवल सरस्वती कॉलेज के पास ही यह डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध है और पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश शुरू है। इसलिए सभी को इस अवसर का फ़ायदा उठाना चाहिए। इस अवसर पर सरस्वती शक्ति, सरस्वती बीएड कॉलेज के सचिव मनोज कुमार सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा अतिथि को शॉल उठाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हरिप्रसाद प्रजापत, रोहित सैनी, कविता शर्मा, गायत्री पांडिया, विनोद सेन, मोहित सैनी, राकेश कुमार चोहान, नेहा भोजक, गौतम भोजक, विकाश सैनी, स्टाफ़ सदस्य और छात्र-छात्रा उपस्थित रहे हैं। मंच संचालन प्रो पीके पांडिया द्वारा किया गया।

## एसआईआर के तहत बेहतर काम करने वालों को किया सम्मानित

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने भेंट किए प्रशस्ति पत्र

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान नवीन महाजन ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशन पर प्रदेश में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले ईआरओ की राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा विधानसभावार जारी की गई रैंकिंग में टॉप 26 ईआरओ में से विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ की ईआरओ (उपखण्ड अधिकारी) सीमा मीणा प्रदेश में पहले स्थान पर रही तथा जिले की विधानसभा कठूमर के ईआरओ श्यामसुंदर चेतीवाल प्रदेश में सातवें स्थान पर रहे को वी सी के माध्यम से वर्चुअल सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी की और से दोनों ईआरओ को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि एसआईआर कार्य में जिला स्तर पर की जा रही प्रभावी मॉनिटरिंग के फलस्वरुप अलवर जिला एसआईआर में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत मैपिंग, ईएफ डिजिटाइजेशन एवं एएसडी कार्यों में विधानसभा क्षेत्र राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ ईआरओ राज्यभर में 93.40 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही तथा कठूमर विधानसभा ईआरओ 90.36 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहा। उन्होंने उल्लेखनीय कार्य के लिए संबंधित विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ की सराहना करते हुए उन्हे बधाई प्रेषित की।

### किशनगढ़बास ईआरओ को भी किया सम्मानित

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने किशनगढ़बास ईआरओ मनीष कुमार को टॉप 25 ईआरओ में 23 वें स्थान पर रहने पर वर्चुअल सम्मानित किया, उनकी ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ आर्तिका शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

## पीएम कुसुम कम्पोनेंट बी योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना हेतु इच्छुक किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर करें आवेदन

### किसानों को 3 एचपी से 7.5 एचपी तक सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना पर 60 प्रतिशत अनुदान देय



**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा महाअभियान (पीएम कुसुम) कम्पोनेंट बी योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना हेतु जिले के किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उद्यान विभाग के उप निदेशक के.एल मीना ने बताया कि ऐसे कृषक जिनके पास न्यूनतम 0.4 हैक्टेयर या इससे अधिक भू-स्वामित्व है तथा जिनके पास सिंचाई हेतु कृषि विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं है इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसान स्वयं या ई-मित्र के माध्यम से राजकिसान साथी पोर्टल पर जन आधार कार्ड, जमाबंदी, सिंचाई जल स्त्रोत व विद्युत कनेक्शन न होने का शपथ पत्र आदि दस्तावेज के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा महाअभियान (पीएम कुसुम) कम्पोनेंट बी योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना पर 60' अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को 45 हजार रूपये अतिरिक्त अनुदान देय है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा सिंचाई पम्पों पर जीएसटी दर घटने से किसानों को बडी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा स्त्रोत है, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती व स्थायी ऊर्जा उपलब्ध होती है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जिले को योजनान्तर्गत सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र स्थापना हेतु 500 भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि अधिकाधिक आवेदन कर सौर ऊर्जा पम्प संयंत्र से सिंचाई करते हुए आत्मनिर्भर बने और कृषि उत्पादन को नई दिशा देवे। योजना के संबंध में अधिक जानकारी उद्यान विभाग अलवर से प्राप्त की जा सकती है।

## जीवंत प्रमाण पत्र देने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर, तारीख बढ़ाने की मांग

**सरदारशहर(निसं.)।** राज्य सरकार के पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को प्रति वर्ष माह नवम्बर में जीवन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है। इस वर्ष जीवंत प्रमाण पत्र देने की 30 नवम्बर है। यदि सरकार द्वारा जीवंत प्रमाण पत्र देने की अन्तिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया तो 30 नवम्बर तक जिन पेंशनर्स का जीवंत प्रमाण पत्र जारी नहीं होगा। उन पेंशनर्स की माह दिसम्बर की पेंशन बैंक खाते में जमा नहीं हो सकेगी। पेंशनर समाज के अध्यक्ष देवीदत्त पारीक व मंत्री जगदीश प्रसाद प्रजापति ने सभी पेंशनर्स, विशेष रूप से पारिवारिक पेंशनर्स को 30 नवम्बर तक अपना जीवंत प्रमाण पत्र अपनी सुविधानुसार निर्धारित तरीके से विधिवत प्रस्तुत करने की अपील की है। उपकोषाधिकारी सोनू शर्मा ने बताया कि पेंशनर्स के जीवंत प्रमाण पत्र हेतु उपकोषागार में हेल्प डेस्क की सुविधा भी उपलब्ध है। पेंशनर स्वयं उपस्थित होकर अपना पीपीओ नम्बर व बैंक खाते का विवरण देकर जीवंत प्रमाण पत्र अपलोड करवा सकता है। पेंशनर्स के जीवंत प्रमाण पत्र पेपरलेस जारी करवाने हेतु राज्य सरकार के सेवारत कार्मिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को छोड़कर अपनी एसएसओआईडी से भी अधिकृत कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों व दुर दराज में रहने वालों पेंशनर्स अपने आसपास पदस्थापित सेवारत कार्मिकों से अपना जीवंत प्रमाण पत्र जारी करवा सकते हैं। पेंशन समाज व उपकोषाधिकारी की ओर से सभी पेंशनर्स को उनके क्षेत्र व जानकारी में अन्य पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स को जीवंत प्रमाण पत्र देने हेतु सावचेत करने का आह्वान किया है। ताकि पेंशन भुगतान बाधित नहीं हो।

## स्कूल से आते ही कक्षा 8 के छात्र ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के सांगानेर सदर थाना इलाके में कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक छात्र मोक्ष यादव है जो वाटिका रोड पर अपनी बुआ के यहां रहकर पढ़ाई करता था और प्रताप नगर में जानकी देवी स्कूल में पढ़ता था मोक्ष यादव मुख्य रूप से हरियाणा का रहने वाला था जो सांगानेर सदर थाना इलाके में वाटिका रोड पर अपनी बुआ के साथ रहता था जिसने गुरुवार को स्कूल से आने के बाद घर पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्तकर ली अभी कुछ दिन पहले ही नीरजा मोदी स्कूल की चौथी मंजिल से कूद कर एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी और अब जिस तरह से गुरुवार को कक्षा 8 में पढ़ने वाले छात्र ने आत्महत्या की है उसके बाद जयपुर में भी स्कूली छात्रों की ओर से आत्महत्या के मामले लगातार गति पकड़ रहे हैं यह कहीं ना कहीं स्कूल प्रशासन ही नहीं बल्कि पेरेंट्स के लिए भी एक बड़ी चिंता का विषय और चुनौती का विषय बन गया है मोक्ष यादव ने किस वजह से आत्महत्या की खबर लिखे जाने तक इसकी जानकारी नहीं मिल पाई मोक्ष यादव क्या स्कूल स्टाफ से परेशान था या फिर आत्महत्या की और कोई वजह है इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और मृतक छात्र कैलाश को कब्जे में भी कर लिया गया है अब मृतक छात्र की बुआ और उनके परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है तथा मृतक छात्रा के जो परिजन हरियाणा में रहते हैं उनसे भी पुलिस संपर्क करने का प्रयास कर रही है इसके अलावा स्कूल प्रशासन से जुड़े लोगों से भी पुलिस पूछताछ करने की कार्य योजना तैयार कर रही है ।

## मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ चिकित्सक पर जानलेवा हमला, हमलावर फरार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर में मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में नियुक्त एक वरिष्ठ चिकित्सक पर दो हमलावरों ने जोरदार हमला बोला हमलावरों ने कुर्सी से डॉक्टर के सिर पर वार किया जिसकी वजह से उन्हें गहरी चोट लगी है हमला करने के बाद दोनों हमलावर मौके से भाग गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर सीसीटीवी कैमरे के आधार पर हमला करने वाले दोनों युवकों की पहचान कर ली गई है पुलिस का कहना है कि दोनों युवकों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा इस घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में नियुक्त छोटे-बड़े सभी कर्मचारियों और चिकित्सकों में गहरा आक्रोश छा गया है और यहां पर चिकित्सकों की सुरक्षा के मजबूत प्रबंध करने की मांग भी की जा रही है जानकारी के अनुसार बाड़मेर के मेडिकल कॉलेज में गैस्ट्रोलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ दिनेश गुरुवार को ओपीडी में मरीज को देख रहे थे तभी दो हमलावर लोग वहां आए और उन्होंने डॉक्टर दिनेश से बात करने लगे बातचीत के दौरान ही दोनों हमलावरों ने कुर्सी उठाई और उससे डॉ दिनेश पर प्रहार किया जिसकी वजह से उनके चोट आई इसके बाद दोनों हमलावर वहां से फरार हो गए इस घटना के बाद कॉलेज में भगदड़ सी मच गई । इस मामले में पुलिस की जांच में अब तक सामने आया है कि हमलावर के परिजन की उपचार के दौरान डेथ हो गई थी और हमलावर युवक मुर्दाघर के बाहर बैठे हुए थे लेकिन अचानक डॉक्टर दिनेश के पास कैसे आ गए इसकी जांच पड़ताल की जा रही है ।

## पनियाला थाने के कांस्टेबल को 20000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक वीरों की टीम ने गुरुवार को प्रदेश में कोटपूतली बहरोड जिले में पनियाला थाने के कांस्टेबल प्रवीण को 20000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद पुलिस स्टेशन में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में घबराहट छा गई एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों का मानना है कि जिस तरह से कांस्टेबल से 20000 रुपए की बड़ी रकम बरामद की गई है उससे कहीं ना कहीं ऐसा लगता है की रिश्वत की इस रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा भी सुनिश्चित हो सकता है इसलिए इस मामले में भी जांच जारी है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी ने एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई और कहा कि पनियाली थाने में नियुक्त कॉन्स्टेबल प्रवीण ने एक मुकदमे में राहत देने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा है जिस पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो ने आरोपी कांस्टेबल प्रवीण को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को जैसे ही परिवादी ने कांस्टेबल प्रवीण को रिश्वत के 20000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ प्रवीण को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया ।

## राज्यपाल ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति सुनीता मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति सुनीता मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है जानकारी के अनुसार पिछले दिनों एक कार्यक्रम में सुनीता मिश्रा ने मुगल शासक औरंगजेब को कुशल शासक बताया था जिसके बाद उदयपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश में कई जगहों पर उनके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन हुए थे और सुनीता मिश्रा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर व्यापक तौर पर जन आंदोलन भी हुआ था हालांकि प्रदेश भर में जन आंदोलन को देखते हुए सुनीता मिश्रा ने अपनी ओर से स्पष्टीकरण भी दिया था और उन्होंने माफी भी मांग ली थी लेकिन इसके बावजूद भी प्रदर्शनकारी उनके इस्तीफा की मांग कर रहे थे जिसके बाद सुनीता मिश्रा ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को भेज दिया था जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया ।



## सीडीटीआई जयपुर में नए आपराधिक कानून पर क्षमता निर्माण महासम्मेलन

**जयपुर** सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीडीटीआई) जयपुर में आज नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु इंटर एजेंसी कैपेसिटी बिल्डिंग पर एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। यह विशेष कार्यक्रम राजस्थान के पंचायत राज विभाग के अधिकारियों की क्षमता को बढ़ाने पर केंद्रित है, ताकि नए कानूनी सुधारों को ग्रामीण स्तर तक सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि, राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री गृह पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग जवाहर सिंह बेढम रहे। उन्होंने अपने संबोधन में पंचायत राज संस्थाओं की जमीनी स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

### शिक्षा के नाम पर छल....

# त्योद के निजी स्कूल में सुविधाओं के नाम पर धोखा, न कमरों के दरवाजे, न पेयजल टंकी के ढक्कन

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** त्योद गांव का सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय इन दिनों शिक्षा नहीं, बल्कि अपनी लापरवाही और बदहाल व्यवस्था के कारण सुर्खियों में है। भारी-भरकम फीस वसूलने वाले इस निजी विद्यालय की असली तस्वीर जब सामने आई, तो ग्रामीण ही नहीं बल्कि शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए। यह मामला केवल अव्यवस्था का नहीं, बल्कि बच्चों की सेहत, सुरक्षा और भविष्य से खुलेआम खिलवाड़ का है।



### गंदगी से पटे कमरे, बच्चों के लिए नारकीय हालातः

विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही ऐसा प्रतीत होता है मानो सफाई शब्द से स्कूल का कोई लेना-देना ही न हो। कक्षाओं में मिट्टी की मोटी परत जमी हुई मिली, खिड़कियां धूल से अटी पड़ी थीं और बच्चे इसी अस्वच्छ वातावरण में पढ़ने को मजबूर थे। न नियमित सफाई, न झाड़ू–हालात ऐसे कि कमरों को देखकर कोई भी समझ सकता है कि यहाँ शिक्षा से ज्यादा उपेक्षा का बोलबाला है। ग्रामीणों का कहना है कि महीनों से स्कूल में सफाई नहीं हुई।

### पेयजल व्यवस्था बनी खतरा–खुली टंकी में गंदा पानीः

सबसे चिंताजनक स्थिति पेयजल की मिली। विद्यालय में लगी पानी की टंकी ऊपर से पूरी तरह खुली पाई गई, जिसमें मिट्टी, धूल और कीट आसानी से गिर रहे थे। जैसे ही जांच की सूचना प्रबंधन को लगी, उन्होंने आनन-फानन में टंकी पर एक कपड़ा डालकर खानापूर्ति कर दी। लेकिन टंकी के भीतर भरा गंदा पानी बच्चों की मजबूरी बना रहा–इसी दूषित पानी को पीकर बच्चे बीमार होने के जोखिम में हैं।

### शौचालय बदहाल, खेल का मैदान गायब, बुनियादी सुविधाएं शून्यः

विद्यालय में शौचालयों की स्थिति बेहद दयनीय है–न पानी की व्यवस्था, न सफाई। खेल मैदान नाम की कोई जगह नहीं, जिसके चलते बच्चे खेल-कूद से वंचित हैं। कक्षा-कक्ष कम, बैठने के लिए दरी-पट्टी तक नहीं, फिर भी प्रबंधन बिना शर्म फीस वसूलने में आगे है।

### ग्रामीणों में रोष–बच्चों का भविष्य दांव परः

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन शिक्षा के नाम पर सिर्फ पैसा कमाने में जुटा है। बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और सुरक्षा की उन्हें कोई चिंता नहीं। लोगों का आरोप है कि शिक्षा विभाग की उदासीनता के कारण ऐसे स्कूल मनमानी कर रहे हैं। अब ग्रामीणों ने विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।

### शिक्षा विभाग की खामोशी चौंकाने वालीः

बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ा इतना बड़ा मामला सामने आने के बावजूद शिक्षा विभाग का रुख ढीला दिख रहा है। प्रशासन की चुप्पी ने ग्रामीणों की नाराज़गी और बढ़ा दी है। लोग पूछ रहे हैं– 'क्या बच्चों की जान से खिलवाड़ के बाद भी कार्रवाई का इंतजार रहेगा? ' त्योद का यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि निजी स्कूलों में शिक्षा का व्यापार किस हद तक बच्चों के भविष्य को निगल रहा है। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग और प्रशासन कब जागेगा और इस गंभीर लापरवाही पर क्या कार्रवाई करेगा।

### इनका कहना हैः

मैं इस मामले में बाद में बात करता हूं, अभी कुछ नहीं कह सकता।

**सुरेश भटेश्वर, निदेशक सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय त्योद**

ऐसे विद्यालय को मान्यता कैसे मिल गई, यह भी समझ से परे है। कल ही इसका निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करूंगा।

**गिर्राज मीणा, एसीबीईओ सांभरलेक**

## सहायक अभियंता के निरीक्षण के दौरान पंप हाउस कार्यालय मिला बंद-37 कर्मचारी मिले नदारद

### निविदा की शर्तों में मिली भारी अनियमितताये-करोड़ो रूपये की लागत योजना का नहीं मिल रहा लाभ

जयपुर टाइम्स

**नरेना(निसं)।** कस्बे के सांभर रोड़ स्थित रेलवे गेट संख्या 5 के पास बीसलपुर परियोजना कार्यालय (पंप हाउस) भवन का करोड़ों रुपए की लागत से निर्माण करवाया गया था। उक्त पंप हाउस के संचालन व 71 गांवों में पेयजल व्यवस्था आदि के लिए एक निजी कंपनी को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी। निविदा शर्तों के अनुसार लगभग 37 कर्मचारी पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने लिए निर्धारित किए गए थे। उक्त मामले में पिछले कुछ वर्षों से लगातार शिकायतों के बाद वर्ष 2018 में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता द्वारा निजी ठेकेदार से श्रमिकों के पंजीयन, उनकी वेतन कटौती सहित अन्य सूचनाओं मांगे जाने पर भी निजी ठेकेदार द्वारा सूचनाओं उपलब्ध नहीं करवाए जाने पर व नरैना कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में वर्षों पुरानी पेयजल लाइन से आए दिन शौचालयों के गड्ढे सड़क मार्ग के साथ-साथ दर्जनों मकान में दरारें आने व अनहोनी की लगातार शिकायतों के बाद सहायक अभियंता दारा सिंह मीणा द्वारा स्थानीय जलदाय विभाग कार्यालय व सांभर रोड़ पर स्थित बीसलपुर परियोजना के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया तो निरीक्षण के दौरान बीसलपुर पंप हाउस कार्यालय के ताले लगे हुए मिले। जांच अधिकारी दारा सिंह मीणा ने बताया कि कस्बे के नरैना विकास मंडल के सत्यनारायण शर्मा सहित आसपास के ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद निरीक्षण किया गया तो निजी कंपनी के निविदा शर्तों में भारी अनियमितओं की जानकारी मिली और इस संदर्भ में उक्त निजी के फर्म को विभिन्न बिंदुओं पर अपनी रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि उक्त योजना में 71 गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू रखने के लिए 1 परियोजना पर्यवेक्षक विद्युत कार 2, पंप हाउस प्रत्येक पंप हाउस पर 2, फिटर 8, हेल्पर 16, स्वीपर 4,गार्डनर ,4 सुरक्षाकर्ता 24 घंटे प्रत्येक पंचायत समिति सहित सहित कुल 37 कर्मचारी उपलब्ध करवाया जाने की जिम्मेदारी उक्त निजी कंपनी को दी गई थी ओर इस संदर्भ मे उक्त निजी कंपनी को हाल ही में 92 लाख रूपये का भुगतान भी किया गया था परंतु इसके बावजूद भी लगातार शिकायतों व पेयजल व्यवस्था में अनियमितता की शिकायत पर बुधवार को नरैना कस्बे के सांभर लेक मार्ग पर स्थित बीसलपुर परियोजना कार्यालय का निरीक्षण किया गया तो उक्त कार्यालय के ताले लगे हुए मिले व कस्बे के जलदाय कार्यालय का निरीक्षण किया गया तो वहां कनिष्ठ अभियंता पूजा कुमावत अनुपस्थित थी। इस मामले में बीसलपुर परियोजना के निजी कंपनी को जवाब देने का नोटिस व कनिष्ठ अभियंता से भी जवाब मांगा गया है।



## राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने की जनसुनवाई, बड़ी संख्या में आए लोग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा ने गुरुवार को प्रतापगढ़ जिले के अंबा माता थान में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दिखाई मौके पर कई विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे जनसुनवाई के दौरान लोगों ने पानी बिजली पेंशन राजस्व संबंधी कई तरह की समस्याएं लेकर आए थे इसके बाद हेमंत मीणा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश दिए जानकारी के अनुसार कैबिनेट मंत्री बनने के बाद हेमंत मीणा नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते रहते हैं मंत्री होने की वजह से उनके काफी व्यस्त कार्यक्रम होते हैं लेकिन इसके बावजूद वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से मिलते रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान भी करते रहते हैं और जब भी अपने निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं तो बड़ी संख्या में उनके आवास पर लोग अपनी समस्याएं लेकर भी पहुंचते हैं स्थानीय लोगों का भी कहना है कि हेमंत मीणा अपने पिता की तरह लोगों की समस्याओं को सुलझाने के लिए सतत रूप से प्रयास करते रहते हैं और क्षेत्र में भी उन्होंने विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं छोड़ी है इसीलिए अपने पिता की तरह अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही नहीं बल्कि प्रदेश के आदिवासी अंचल में निरंतर लोकप्रिय होते जा रहे हैं गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान भी हेमंत मीणा ने सभी लोगों से आत्मीय भाव से मुलाकात की और एक-एक समस्या को काफी गंभीरता से दिया और मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

## जयपुर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, कालीचरण सराफ ने आमरण अनशन तुड़वाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर में पिछले दो दिन से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई है भाजपा के विधायक और वरिष्ठ नेता कालीचरण सराफ ने नगर निगम मुख्यालय के सामने आमरण अनशन पर बैठे सफाई कर्मचारियों के नेताओं का आमरण अनशन तुड़वाया जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए थे कहा जा रहा है की सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों पर सरकार की ओर से सकारात्मक कदम उठाने का भरोसा सफाई कर्मचारियों के नेताओं को दिलाया गया है और यह भरोसा भाजपा की विधायक कालीचरण सराफ ने सफाई कर्मचारियों को दिलाया है जानकारी के अनुसार पिछले दो दिनों से शहर में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से जयपुर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई थी हालांकि नगर निगम प्रशासन की ओर से शहर की सफाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई थी और बहुत से कर्मचारी सफाई भी कर रहे थे लेकिन अधिकांश सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से कहीं ना कहीं जयपुर की सफाई व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ रहा था इसलिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जयपुर के विधायक कालीचरण सराफ ने गुरुवार को आमरण अनशन पर बैठे सफाई कर्मचारियों के साथ मुलाकात की और सरकार और सफाई कर्मचारियों के बीच एक मजबूत मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए उन्होंने सफाई कर्मचारी को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी जिसके बाद आमरण अनशन पर बैठे सफाई कर्मचारियों के नेताओं ने अपना अनशन समाप्त किया । अब सफाई कर्मचारी पहले की तरह कम पर लौट आए हैं यह जयपुर के लोगों के लिए अच्छी खबर है इसके अलावा वर्तमान में पर्यटन सीजन जारी है देश और विदेश के बड़ी संख्या में पर्यटक जयपुर भ्रमण करने के लिए आए हुए हैं ऐसे में अगर जयपुर में जगह-जगह गंदगी और कचरे के ढेर नजर आए तो फिर निश्चित रूप से जयपुर की सुंदरता पर विपरीत अक्षर पड़ता है और निश्चित रूप से जयपुर की सुंदरता पर विपरीत असर भी पड़ता है और जयपुर जो अपनी सुंदरता और ऐतिहासिकता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है उसकी भी सफाई की वजह से पूरे विश्व में बदनामी होती लेकिन अब जिस तरह से इस बार सफाई कर्मचारियों ने बहुत जल्दी ही हड़ताल तोड़ी है यह जयपुर के लिए अच्छी खबरहै ।

## अनियमितता के विरुद्ध मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जीरो टॉलरेंस नीति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनियमितता और गड़बड़ी करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जीरो टोलरेंस नीति को सख्ती से लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सांगानेर के पालड़ी परसा गांव में पेटा तालाबी भूमि को बंजर अथवा बारानी भूमि के तौर पर किस्म परिवर्तन करने के प्रकरण को राज्य सरकार ने बेहद गंभीर अनियमितता माना है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में प्रकरण में संलिप्त तहसीलदार सहित तीन कार्मिकों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही अमल में लाई गई है। प्रकरण में राजस्व मंडल ने सांगानेर तहसीलदार कार्तिकेय लाटा को त्वरित प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं, जांच कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर पटवार हलका देवलिया की हाल पटवारी नयनसी वर्मा एवं पटवार हलका देवलिया के तत्कालीन पटवारी हाकिम सिंह गुर्जर को पूरे प्रकरण में संलिप्तता पाए जाने पर त्वरित प्रभाव निलंबित कर दिया है।

## सिलिकोसिस बन रहा जानलेवा, परेशान युवक ने फांसी का फंदा लगा की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)** कस्बे में बुधवार अलसुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब सिलिकोसिस बीमारी से लंबे समय से जूझ रहे एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बीमारी के दर्द और मानसिक तनाव से टूट चुके युवक की मौत की खबर ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक हनुमान उर्फ गुलाब पुत्र नौरतमल रैगर (36) निवासी रैगर मोहल्ला, सांभरलेक है। सुबह परिजनों ने जब हनुमान को कमरे में लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। घटना सुबह 4 बजे के आसपास की बताई जा रही है। सूचना पर थाना अधिकारी मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर राजकीय उप जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मोहल्ले में मातम छा गया और हर आंख नम हो उठी। मृतक की पत्नी और मासूम बच्चे बार-बार बिलखते रहे, उनका करुण क्रंदन सुनकर हर किसी का दिल पसीज गया। मृतक के तीन संतान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हनुमान कुछ वर्ष पहले दूदू में नरैना रोड पर स्थित एक पत्थर फैक्ट्री में मजदूरी करता था। बताया गया कि फैक्ट्री में लगातार धूलभरे माहौल में काम करने के कारण वह सिलिकोसिस नामक गंभीर फेफड़ों की बीमारी से ग्रस्त हो गया। बीमारी बढ़ने लगी तो उसके टीबी भी हो गई। उसने काम पर जाना भी बंद कर दिया, जिसके चलते परिवार आर्थिक संकट में भी फंस गया। कई बार इलाज करवाया गया, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। धीरे-धीरे मानसिक तनाव ने उसे इतना घेर लिया कि वह अवसाद में चला गया। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि बीमारी के दर्द, आर्थिक तंगी और अनिश्चित भविष्य को लेकर वह बेहद परेशान रहने लगा था। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही परिजनों से पूछताछ कर अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है।

### सिलिकोसिस बीमारी बन रही जानलेवाः

कस्बे में रोजगार के साधन नहीं होने से लोगों को रोजगार के लिए अन्यत्र जाना पड़ रहा है। क्षेत्र के दर्जनों लोग दूदू में स्थित पत्थर फैक्ट्री में मजदूरी करने जाते हैं। पहले ही गरीबी में जी रहे इन लोगों के लिए पत्थर फैक्ट्री में काम के दौरान उड़ने वाली धूल डस्ट जानलेवा साबित हो रही है। कस्बे में कई लोग आज भी इस बीमारी से ग्रसित हैं और कई दम तोड चुके हैं।

### फैक्ट फाइलः सिलिकोसिस से मृतक

कन्हैयालाल रैगरः 2023
गिरधारी लाल खटीकः 2024
जितेंद्र बागड़ीः 2025
हनुमान गहनोलियाः2025
सिलिकोसिस बीमारी से पीड़ितः
भोजराज गहनोलिया
महेंद्र सकरवाल

### एक्सपर्ट व्यूः

पत्थर या खानों में काम करने वाले लोगों को सिलिकोसिस बीमारी हो जाती है। इसमें पत्थर के सिलिका जो सूक्ष्म होते हैं, वह फेफड़ों में चले जाते हैं। इससे व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ होती है। फेफड़े खराब हो जाते हैं। इस बीमारी का कोई स्थाई इलाज नहीं है।

**डॉ. अरुण सिंह भाटी, फिजियशन एमडी, राजकीय उप जिला अस्पताल सांभरलेक**

### इनका कहना हैः

मृतक युवक के टीबी होने की जानकारी तो मिली है। सिलिकोसिस बीमारी थी या नहीं, यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही जानकारी मिल पाएगी। मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

**राम मिलन मीणा, थाना अधिकारी सांभरलेक**

# पाकिस्तान से और बढ़ा खतरा




*अमेरिकी कांग्रेस को दी रिपोर्ट में एक तरफ तो कहा कि चीन ने फर्जी इंटरनेट मीडिया अकाउंट और एआइ तस्वीरों के सहारे अपने जे-35 लड़ाकू विमानों को फ्रांसीसी राफेल विमानों से बेहतर दिखाने के लिए 'दुष्प्रचार अभियान' चलाया। दूसरी तरफ कहा कि लड़ाई में पाकिस्तान का पलड़ा भारी था, क्योंकि चीन इस भिड़ंत का इस्तेमाल अपने हथियारों की क्षमताओं को परखने और उनका प्रचार करने के लिए कर रहा था। पाकिस्तान की कठपुतली सरकार के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए इतना काफी था। उन्होंने गुलाम कश्मीर में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि अमेरिकी कांग्रेस में पेश रिपोर्ट पाकिस्तान की जीत को प्रमाणित करती है। भारत की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस रिपोर्ट के विरोध-खंडन की मांग कर रही है, मगर भारत सरकार चुप है, क्योंकि भारत और अमेरिका के संबंध इस समय नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी व्यापार के पारिवारिक सौदे और*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 11 नवंबर को इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम धमाके की तो आतंकवादी हमला बता कर निंदा की, पर उससे एक दिन पहले दिल्ली में लाल किले के निकट आत्मघाती जिहादी बम धमाके को केवल धमाका बताकर संवेदना प्रकट कर दी। दिल्ली में हुए धमाके के तार पाकिस्तान के प्रतिबंधित जिहादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े थे। यकीन नहीं होता कि यह वही ट्रंप हैं जिन्होंने 2018 में लिखा था, 'पिछले 15 वर्षों में अमेरिका ने पाकिस्तान को बेवकूफी में 33 अरब डालर की मदद दी, जिसके बदले झूठ और फरेब के सिवा कुछ नहीं पाया।' इस बीच आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर ने न जाने कौन सी घुट्टी पिला दी कि ट्रंप के सुर ही बदल गए हैं। अब वे उनके चहेते बन गए हैं। इतने चहेते कि सारी परंपराओं को ताक पर रखकर उन्हें व्हाइट हाउस में दावत दी गई, महान नेता कहकर तारीफ की गई और तीन महीने में तीन मुलाकातें हुईं। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश के नेता से अपने लिए 'महान' जैसे विशेषण सुनकर किसे गुमान नहीं होगा? उत्साहित होकर मुनीर सेनाप्रमुख से फील्ड मार्शल बन गए। भले ही भारत से देश और दुनिया के लोगों ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के सुबूत मांगें हों, मगर जनरल मुनीर को न पाकिस्तानी जनता को कुछ दिखाना पड़ा न दुनिया को। उधर ट्रंप बार-बार यही राग अलापते रहे कि लड़ाई उन्होंने रुकवाई थी और टैरिफ की धमकी देकर रुकवाई थी। भारत के मना करने पर भी वे बाज नहीं आए। ऊपर से 'अमेरिका-चीन आर्थिक एवं सुरक्षा समीक्षा आयोग' ने अपनी रिपोर्ट में दोतरफा बात कह दी। अमेरिकी कांग्रेस को दी रिपोर्ट में एक तरफ तो कहा कि चीन ने फर्जी इंटरनेट मीडिया अकाउंट और एआइ तस्वीरों के सहारे अपने जे-35 लड़ाकू विमानों को फ्रांसीसी राफेल विमानों से बेहतर दिखाने के लिए 'दुष्प्रचार अभियान' चलाया। दूसरी तरफ कहा कि लड़ाई में पाकिस्तान का पलड़ा भारी था, क्योंकि चीन इस भिड़ंत का इस्तेमाल अपने हथियारों की क्षमताओं को परखने और उनका प्रचार करने के लिए कर रहा था। पाकिस्तान की कठपुतली सरकार के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए इतना काफी था। उन्होंने गुलाम कश्मीर में एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि अमेरिकी कांग्रेस में पेश रिपोर्ट पाकिस्तान की जीत को प्रमाणित करती है। भारत की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस इस रिपोर्ट के विरोध-खंडन की मांग कर रही है, मगर भारत सरकार चुप है, क्योंकि भारत और अमेरिका के संबंध इस समय नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। क्रिप्टोकरेंसी व्यापार के पारिवारिक सौदे और दुर्लभ खनिजों, तेल और अरब सागर में एक बंदरगाह के प्रस्तावों से मुनीर के मुरीद हुए ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ तो टैरिफ की दरें कम कर दी हैं, परंतु भारत की स्वायत्तता, स्वाभिमान और राष्ट्रीय हित अभी भारत से जुड़ी उनकी हसरतों में आड़े आ रहे हैं। भारत को अपने व्यापार हितों के साथ उन सभी पहलुओं पर गंभीरता से सोचना और रणनीति बनानी है, जिन्हें ट्रंप अपनी विशुद्ध लेनदेन वाली नीति के कारण अनदेखा कर रहे हैं। जैसे जलवायु परिवर्तन की मार, विकासशील देशों के व्यापारिक और कूटनीतिक हित, नियमबद्ध वैश्विक व्यवस्था की बहाली और हिंद-प्रशांत की क्षेत्रीय सुरक्षा। इसलिए पीएम मोदी ने जी-20 से ट्रंप की नाराजगी को जानते हुए भी जोहानिसबर्ग शिखर सम्मेलन में शामिल होकर सही किया। भारत इस समय पाकिस्तान में सत्ता के केंद्रीकरण और जिहादी हिंसा के बदलते स्वरूप की अनदेखी नहीं कर सकता। जनरल परवेज मुशर्रफ ने खुद पर जानलेवा हमलों की कोशिश के बाद इस्लामाबाद की लाल मस्जिद के दो मदरसों पर छापे डलवाए और माना था कि मदरसे जिहादी आतंक की फैक्ट्रियां बन चुके हैं। उन्होंने उन्हें सुधारने की कोशिश भी कीं, पर सफल नहीं हो पाए। तालिबान, तहरीके तालिबान पाकिस्तान, जैश, लश्कर आदि सभी जिहादी आतंकी संगठन मदरसों की ही देन हैं। पाकिस्तान में दर्जनों ऐसे मदरसे हैं, जहां जिहादी आतंक का प्रशिक्षण दिया जाता है। दिवालिया आर्थिक हालात की वजह से पाकिस्तान की निर्भरता विदेशी कर्ज पर बढ़ गई है और ऋणदाता एजेंसियां जिहादी आतंक की फंडिंग बंद करने की मांग करने लगी हैं। इसलिए जिहादी नेटवर्कों ने अब स्कूलों और कालेज के छात्रों और पेशेवरों को अपने रंग में रंगना शुरू किया है। चांदनी चौक का धमाका करने वाला डाक्टरों का गिरोह इसी रणनीति का हिस्सा था। यह जिहादी रणनीति भारत की सुरक्षा और जांच एजेंसियों के लिए नई चुनौतियां खड़ी करती है। इस कड़ी में पहली चुनौती भारत के अपने हजारों मदरसों को जिहादी मानसिकता के अड्डे बनने से रोकना है। राजनीतिक खेमेबाजी के चलते यह काम आसान नहीं होगा। अल फलाह जैसी मुख्यधारा की शिक्षा और गैर-शिक्षण संस्थाओं में इसे रोक पाना और भी कठिन होगा। दूसरी चुनौती जिहादी घुसपैठियों को समय रहते पकड़ना और उनके प्रायोजकों पर उत्तरोत्तर बड़ी चोट करना है। भारत ने आपरेशन सिंदूर द्वारा इस नीति का एलान तो कर दिया है, पर क्या उसे निभा पाना संभव होगा? निभा भी लिया तो क्या जिहादी और उनके प्रायोजक बाज आ जाएंगे?

## सम्पादकीय

# 'बस, बहुत हुआ' - सुप्रीम कोर्ट की सख्त चेतावनी



पिछले कुछ वर्षों में देश में कानून का दुरुपयोग एक गंभीर चिंता का विषय बनकर उभरा है, जिसने कानूनी पेशेवरों, नीति निर्माताओं और आम जनता का ध्यान आकर्षित किया है। कानून समाज में व्यवस्था बनाए रखने, अधिकारों की रक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग न केवल अदालतों के कीमती समय को जाया करता है, बल्कि कई बार अन्यायपूर्ण परिणाम भी दे सकता है। इससे न्याय के प्रति जनता के विश्वास को ठेस पहुंचती है और यह कानून के शासन को कमजोर कर सकता है। ऐसे मामलों से अदालतों पर मुकदमों का अनावश्यक बोझ पड़ता है, जिससे न्यायिक प्रणाली में बाधाएं उत्पन्न होती हैं। कुछ लोगों की ओर से अपने निहित स्वार्थों के लिए न्यायिक प्रणाली के दुरुपयोग की इस बढ़ती प्रवृत्ति की सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कड़ी निंदा की। साथ ही कहा कि आपराधिक कानून व्यक्तिगत दुश्मनी निपटाने के लिए प्रतिशोधात्मक कार्रवाई का जरिया नहीं बन सकता और सभी अदालतों को ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति सतर्क रहना होगा। किसी कानून का दुरुपयोग तब होता है, जब उसके प्रावधानों की व्यापकता और लचीलेपन का अनुचित फायदा उठाकर उसे अपना निजी हित साधने के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की जाती है। इसके कई रूप हो सकते हैं, जिनमें झूठे आरोप, व्यर्थ की मुकदमेबाजी और कानूनी खामियों का लाभ उठाने का प्रयास भी शामिल है इस तरह के मामलों की बढ़ती संख्या जहां वास्तविक विवादों से जुड़े मुकदमों के फैसले में देरी का कारण बनती है, वहीं इससे न्यायिक संसाधनों की बर्बादी भी होती है और न्यायिक प्रणाली की विश्वासनीयता कमजोर होती है। कई बार कानून में अस्पष्टता के कारण भी उसके दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में देश के नीति निर्माताओं का दायित्व है कि वे सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा और गहन मंथन के बाद कानून का अंतिम प्रारूप तैयार कर उसे लागू करें, ताकि उसमें ऐसी कोई खामी न रहे, जिसका आगे चलकर दुरुपयोग किया जा सके। समाज में न्याय की भावना और कानून के शासन के प्रति सम्मान को बनाए रखना बेहद जरूरी है। इसमें दोराय नहीं है कि जब कानून का दुरुपयोग होता है, तो न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास कम हो जाता है। लोग कानूनी प्रक्रिया की निष्पक्षता और प्रभावशीलता को लेकर सशंकित हो जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस चिंता के साथ खुद को जोड़ते हुए गुवाहाटी के एक व्यवसायी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खारिज कर दिया और कहा कि यह कानून के दुरुपयोग से प्रेरित है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थों और अप्रत्यक्ष उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आपराधिक न्याय तंत्र का दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे में अदालतों को इस तरह की प्रवृत्ति के संबंध में सजग रहना होगा और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि समाज के ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले आपराधिक सोच से जुड़े प्रयासों को शुरू में ही रोक दिया जाए। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि कानून के दुरुपयोग पर पूरी तरह अंकुश कैसे लगाया जा सकता है। विधि विशेषज्ञों का मानना है कि कानूनी प्रावधानों के उचित उपयोग के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने तथा शैक्षिक एवं कानूनी साक्षरता कार्यक्रम इस संबंध में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसके साथ ही कानूनों की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए


# मत प्रतिशत की मनचाही व्याख्या



बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों का भाजपानीत राजग और राजद की अगुआई वाले महागठबंधन के दल अपने-अपने नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं। राजद के नेता इस पर संदेह जता रहे हैं कि उसे सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत मिला, फिर सीटें इतनी कम क्यों आईं? कांग्रेस का भी कहना है कि उसे लोजपा (आर) से अधिक मत मिले, फिर भी उसकी सीटें उससे कम क्यों? इसकी आड़ लेकर महागठबंधन के दल चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं। यह साफ है कि यदि आने वाले विधानसभा चुनावों में भी विपक्षी दल पराजित होते हैं तो वे इसी तरह के तर्क देंगे और पूरी चुनाव प्रक्रिया, चुनाव आयोग, मतदान प्रतिशत, मतगणना आदि पर प्रश्न उठाएंगे। इसलिए इस पहलू से जुड़े सभी तथ्यों का विश्लेषण आवश्यक है। यह सच है कि बिहार में राजद को सर्वाधिक 23 प्रतिशत वोट मिले जबकि सीटें केवल 25 मिलीं। वहीं भाजपा को 20.08 प्रतिशत मत में 89 सीटें तथा जदयू को 19.25 प्रतिशत मत में 85 सीटें मिलीं। राजग में चिराग पासवान की लोजपा (आर) को 4.97 प्रतिशत वोट में 19 सीटें मिल गईं, जबकि कांग्रेस 8.71 प्रतिशत मत पाकर भी केवल छह सीटें ही जीत पाई। प्रथमदृष्ट्या भारतीय चुनाव और अंकगणित को न समझने वाले इसे अन्याय करार देंगे और दे भी रहे हैं। ध्यान रखिए, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को 19.46 प्रतिशत और जदयू को 15.39 प्रतिशत मत मिले थे। तब भाजपा 74 और जदयू 43 सीटों पर सिमट गई थी। लोजपा (आर) 5.66 प्रतिशत मत पाकर भी केवल एक सीट जीत सकी थी। बिहार में इस बार भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर चुनाव लड़े, जबकि राजद 143 सीटों पर। राजद 42 अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा, लिहाजा उसे मत भी ज्यादा मिले। ज्यादा मत प्रतिशत पाकर भी लोजपा (आर) पिछली बार इसलिए नहीं जीत सकी थी, क्योंकि वह अकेले चुनाव मैदान में थी। जबकि इस बार वह राजग का हिस्सा थी। लिहाजा कम मत प्रतिशत में ज्यादा सीटें जीतीं। कांग्रेस को 2020 में 9.48 प्रतिशत मत मिले थे, जो इस बार घट गए। यह इसलिए हुआ, क्योंकि कांग्रेस 2020 में 70 सीटों पर लड़ी थी, जबकि इस बार 61 सीटों पर। मत प्रतिशत के मामले में असदुद्दीन ओवैसी की एआइएमआइएम और बसपा लगभग समान रहीं, लेकिन एआइएमआइएम ने पांच सीटें जीतीं, जबकि बसपा ने केवल एक। 2020 की तुलना में राजद के मतों में 0.11 प्रतिशत की कमी आई, जबकि भाजपा के मत 1.34 प्रतिशत और जदयू के मत में 3.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव के उदाहरण से यह और स्पष्ट हो जाता है। तब राजद केवल 18.4 प्रतिशत मत पाकर 80 स्थानों पर विजयी रहा था, जबकि भाजपा 24.4 प्रतिशत मत पाकर भी 53 स्थानों पर सिमट गई थी। इस बार महागठबंधन में सबके मत प्रतिशत गिरे हैं। सीपीआइ (एमएल) का मत 3.16 से घटकर 2.84 प्रतिशत रह गया। जहां तक लोजपा (आर) की बात है तो उसने 2020 में 137 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस कारण उसका मत प्रतिशत ज्यादा था। स्पष्ट है कि यह जरूरी नहीं कि किसी राजनीतिक पार्टी का मत प्रतिशत ज्यादा है तो उसे सीटें भी अधिक मिलेंगी। इस बार राजद को प्रति सीट औसतन 80 हजार 742 मत मिले, जबकि भाजपा को प्रति सीट औसत 99 हजार 813 वोट, जदयू को 95 हजार 714 और लोजपा को 89 हजार 191 मत मिले। इसी से पता चलता है राजद को कितना कम वोट मिला। कुल लड़ी गई सीटों पर राजद का मत 39.6 प्रतिशत रहा, जबकि भाजपा का 48.3 प्रतिशत, जदयू का 46.3 प्रतिशत और लोजपा का 43.1 प्रतिशत। इस तरह भाजपा का अपनी लड़ी गई सीटों पर मत प्रतिशत राजद से 8.7 प्रतिशत, जदयू का 6.5 एवं लोजपा का 3.5 प्रतिशत ज्यादा रहा। यानी 9.3 प्रतिशत का अंतर रहा। लोजपा, हम और रालोमो के विरुद्ध 31 सीटों पर चुनाव लड़कर राजद ने केवल 11 सीटें जीतीं और 20 हार गया। हारी गईं सीटों पर राजद का औसत मत 37.8 प्रतिशत रहा, जबकि विजेता दलों का 46.6 प्रतिशत। यहां हार का औसत अंतर 8.9 प्रतिशत हुआ। इस प्रकार महागठबंधन राजग के मुकाबले प्रति सीट औसत मत हासिल करने में बहुत पीछे रहा। इससे साबित होता है कि मतदाताओं के बहुत बड़े वर्ग ने राजद, कांग्रेस सहित महागठबंधन को किसी सूरत में सत्ता में न आने देने का मन बना लिया था। राजग को मिला लगभग 47 प्रतिशत मत विपक्षी महागठबंधन से लगभग नौ प्रतिशत अधिक है। इस बार रिकार्ड 66.91 प्रतिशत मतदान हुआ। आंकड़े बताते हैं कि बढ़ा हुआ मत पूरी तरह राजग के पक्ष में गया। इसका अर्थ हुआ कि बहुत बड़े वर्ग ने यह निश्चय कर मतदान किया कि उसे राजग को ही पूरी ताकत के साथ सत्ता में वापस लाना है। विपक्षी गठबंधन को यह विचार करना चाहिए कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में मत देने वाले उसके विरुद्ध क्यों गए? वस्तुतः चुनाव परिणाम का गणित वर्तमान एवं भविष्य की दृष्टि से राजद, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के लिए डरावना है।

# संविधान की शक्ति, समय-समय पर संशोधन भी

**प्रधानमंत्री ने संविधान का उल्लेख करते हुए देशवासियों को लिखी चिट्ठी में उनके नागरिक दायित्वों की जो याद दिलाई, उस पर ध्यान इसलिए दिया जाना चाहिए, क्योंकि देश को विकसित बनाने का स्वप्न तभी पूरा हो सकता है, जब हर कोई अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के प्रति भी सजगता दिखाएगा। संविधान के प्रति अपनी-अपनी तरह से समर्पण का भाव व्यक्त किए जाने के बीच नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से जिस तरह यह कहा गया कि उस पर किसी तरह के हमले को सहन नहीं किया जाएगा**




संविधान दिवस पर संसद के सेंट्रल हाल से लेकर अन्य स्थानों पर हुए विभिन्न आयोजन संविधान की महत्ता को ही रेखांकित करते हैं। ये आयोजन इसीलिए हो सके, क्योंकि मोदी सरकार ने 2015 में प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का फैसला किया था। इस अवसर पर जहां राष्ट्रपति ने इस पर बल दिया कि हमारा संविधान ही राष्ट्र की आधारशिला और राष्ट्रवादी सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है, वहीं प्रधानमंत्री ने खुद के पीएम पद तक पहुंचने को संविधान की शक्ति बताया। इसकी पुष्टि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने यह कहकर की थी कि वह इस पद पर संविधान के कारण ही पहुंचे। प्रधानमंत्री ने संविधान का उल्लेख करते हुए देशवासियों को लिखी चिट्ठी में उनके नागरिक दायित्वों की जो याद दिलाई, उस पर ध्यान इसलिए दिया जाना चाहिए, क्योंकि देश को विकसित बनाने का स्वप्न तभी पूरा हो सकता है, जब हर कोई अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के प्रति भी सजगता दिखाएगा। संविधान के प्रति अपनी-अपनी तरह से समर्पण का भाव व्यक्त किए जाने के बीच नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से जिस तरह यह कहा गया कि उस पर किसी तरह के हमले को सहन नहीं किया जाएगा, उससे यही पता चला कि वे फिर से यह हौवा खड़ा करना चाहते हैं कि संविधान खतरे में है। जो भी संविधान को खतरे में बताते हैं, वे यह समझें तो बेहतर कि ऐसा करके वे संविधान को कमजोर साबित करने के साथ ही उसका निरादर भी करते हैं। वास्तव में यदि संविधान के समक्ष कोई खतरा है तो वह है उसकी मनमानी व्याख्या का। यह विचित्र है कि संविधान एक है, लेकिन उसकी व्याख्या अपनी-अपनी तरह से की जाती है। जब ऐसा होता है तो लोगों में संशय पैदा होता है। एक नई प्रवृत्ति यह भी देखने को मिल रही है कि संविधान के प्रविधानों को पत्थर की लकीर की तरह पेश किया जाने लगा है। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और इसी कारण सभी दलों की सरकारों ने उसमें समय-समय पर संशोधन किए हैं। अब ऐसा प्रकट किया जा रहा है, जैसे संविधान में किसी तरह का संशोधन करना गुनाह है। यह लोगों को भरमाने वाला दुष्प्रचार ही है। होना तो यह चाहिए कि पक्ष-विपक्ष इस पर एकमत हों कि संविधान की भावना के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के शेष कदम यथाशीघ्र उठाए जाएं। सुधार की आवश्यकता न केवल राजनीतिक, प्रशासनिक, न्यायिक एवं आर्थिक क्षेत्र में है, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी।



## अमेरिकी बिजनेसमैन संग सात फेरे लेंगी पवित्रा पुनिया

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 14 फेम पवित्रा पुनिया की शादी की तारीख पक्की हो गई है! जी हां, बीते दिनों मुंबई के एक बिजनेसमैन से अपनी सगाई की घोषणा के बाद पवित्रा की अब सात फेरों को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, एक्ट्रेस ने अपने मंगेतर की पहचान अब तक छिपा रखी है, लेकिन ताजा रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि यह कपल 2027 में शादी करने की प्लानिंग कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पवित्रा पुनिया मार्च 2027 में शादी करने की प्लानिंग कर रही हैं। यह एक बेहद प्राइवेट सेरेमनी होगी, जिसमें दोनों तरफ के परिवार और करीबी लोग ही शामिल होंगे। पवित्रा पुनिया ने एक महीने पहले इंस्टाग्राम पर अपनी सगाई की बात कंफर्म करते हुए कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इसमें उनके मंगेतर घुटनों पर बैठकर अंगूठी पहनाते दिख रहे हैं। पवित्रा ने तब तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, लॉक इन। प्यार ने इसे ऑफिशियल कर दिया। पवित्रा पुनिया जल्द ही मिसेज बनने वाली हैं। इस पर विवियन डीसेना से लेकर देवोलीना भट्टाचार्जी और अर्चना गौतम से दिव्या अग्रवाल तक ने प्यार बरसाया था।

पवित्रा ने इससे पहले बातचीत में कहा था, हां, मुझे फिर से प्यार मिल गया है और इस साल, दिवाली मेरे लिए और भी खास है, क्योंकि मैं इसे उनके परिवार के साथ मनाऊंगी। अपने ससुराल वालों के बारे में बात करते हुए 39 साल की पवित्रा ने कहा, मैं विदेश जाऊंगी, क्योंकि वह और उनका परिवार वहां हैं। मुझे थोड़ा दुख है कि मैं अपने परिवार के साथ दिवाली नहीं मना पाऊंगी, लेकिन उनके साथ समय बिताने के लिए एक्साइटेड भी हूं। लव यू जिंदगी और बालवीर रिटर्न्स फेम एक्ट्रेस ने अपने पार्टनर का नाम भले ही नहीं बताया, लेकिन यह जरूर कहा है कि वह एक्टर नहीं हैं। पवित्रा पुनिया ने बताया, वह अमेरिका के एक बिजनेसमैन हैं, एक्टर बिल्कुल नहीं है। एक बहुत अच्छा इंसान और दयालु है। हम काफी समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे से रह रहे हैं और यह सही लग रहा है।



## ओटीटी के आने के बाद अब लड़कियों को वैंप या सती सावित्री नहीं दिखाया जाता

**अपनी पहली ही फिल्म मकड़ी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली अदाकारा श्वेता बसु प्रसाद इन दिनों ओटीटी पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस साल दो वेब सीरीज ऊप्स अब क्या और क्रिमिनल जस्टिस 4 में अपनी अदाकारी के लिए सराही गईं श्वेता अब महारानी 4 में सीएम रोशनी भारती की भूमिका के लिए वाहवाही बटोर रही हैं।**

**आप स्क्रीन पर ज्यादातर मजबूत महिला किरदारों में ही दिखती हैं, क्या आपको ऐसे ही किरदार ऑफर होते हैं या आप खुद ऐसे ही रोल ही चुनती हैं?**

मेरी ऐसी कोई सोची समझी चॉइस तो नहीं होती। मेरी कोशिश ये होती है कि अलग-अलग तरह के किरदार निभाऊं, क्योंकि कलाकार के तौर पर मेरा काम ये है कि मैं समाज के हर पहलू को दिखा सकूं ताकि देखने वाले को लगे कि ये मेरी बहन, गर्लफ्रेंड, कजिन या बेटी जैसी है। मेरी कोशिश ये होती है कि ऐसे किरदार करूं जिसे देखकर लोग उससे रिलेट करें कि हां, इसे पहले देखा है, मगर ये है कि हमारी फिल्मों और शोज का लेखन ही अब अलग हो चुका है। खासकर ओटीटी के आने के बाद शोज और फिल्मों में लड़कियों के लिए काफी मजबूत लेयर्ड किरदार लिखे जा रहे हैं। **स्टीरियोटिपिकल रोल नहीं लिखे जाते कि लड़की या तो सती-सावित्री है या वैंप** ये एक बेहतर बदलाव लेखन में हुआ है कि अब वो स्टीरियोटिपिकल रोल नहीं लिखे जाते कि लड़की या तो सति-सावित्री है या वैंप। जैसे, इंडिया लॉकडाउन में मैंने एक ऐसी प्रॉस्टिट्यूट का रोल किया था जो अपने काम को लेकर बहुत अनअपॉलिजेटिक थी। वह कोई बेचारी नहीं है कि मैं इसमें फंस गई। वह बहुत मजबूत और मुंहफट है। ऐसे ही, त्रिभुवन मिश्रा सीए टॉपर में भी मैं साड़ी पहनकर बंदूक चला रही हूं तो मुझे मजा भी आता है ऐसे किरदार में, मगर मैं हर तरह के किरदार करना चाहूंगी।

**क्या इंडस्ट्री में लड़की होने की वजह से आपको कमतरी का अहसास हुआ है? आप इसे कैसे हैंडल करती हैं?**

हर किसी का अपना तरीका होता है कि आप ऐसी परिस्थिति में कैसे रिएक्ट करते हैं, क्योंकि ये चीजें तो आपके घर, स्कूल, ऑफिस, इंडस्ट्री या राजनीति हर जगह वैसी ही होती है। हम सबके साथ ऐसा कुछ न कुछ हुआ होगा, मगर बहुत निजी तरीका होता है कि आप उसे कैसे हैंडल करते हैं। जहां तक मेरी बात है, मैं चुप रहने को बिल्कुल बढ़ावा नहीं देना चाहूंगी। अगर आपको लगता है कि कोई गलत कह रहा है या आप उस पोजिशन में हैं कि आप उसे करेक्ट कर सकते हैं कि नहीं ऐसा नहीं, ऐसा होना चाहिए तो आपको जरूर बोलना चाहिए लेकिन अगर आपके सामने कोई मूर्ख इंसान है जिसके लिए ऐसा लगे कि आप दीवार से बात कर रहे हैं तो वहां पर आप अपनी एनर्जी व्यर्थ करेंगे तो वहां आप चुप रह सकते हैं। ये आपको खुद चुनना होगा कि कहां बोलना है, कहां लड़ना है, कहां इग्नोर करना है।

**महारानी 4 में आप ताकतवर भूमिका निभा रही हैं। असल जिंदगी में अगर ऐसी ताकत मिले तो देश या समाज में क्या बदलाव करना चाहेंगी?**

हमारे देश और समाज में यूं तो शिक्षा, भोजन, सुरक्षा जैसी कई बेसिक चीजें बेहतर करने की जरूरत है, जिस पर बहुत से लोग बात कर रहे हैं, लेकिन अगर मुझे देश या समाज में कोई बदलाव लाना हो तो मैं कहूंगी कि आप आर्ट, साइंस, फिलॉसफी और म्यूजिक सबको सिखाएं। मैं चाहूंगी कि समाज में थोड़ा आर्टिस्टिक हो। मुझे लगता है कि इसे एजुकेशन सिस्टम में अनिवार्य कर देना चाहिए क्योंकि आर्ट फॉर्म हमारे समय को डॉक्यूमेंट करते हैं। चाहे वो मुगल मिनिएचर आर्ट हो, टेंपल आर्ट हो या केव पेंटिंग हो या फैशन ही हो। जैसे, ब्लूज या जैज म्यूजिक अमेरिका में क्रांति के रूप में शुरू हुई थी।



## महिलाएं जब साथ देती हैं तो जादू होता है

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द गर्लफ्रेंड को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्त्री ऊर्जा यानी फेमिनिन एनर्जी के बारे में एक लंबी पोस्ट लिखी है। पोस्ट में उन्होंने बताया है कि असली स्त्री ऊर्जा क्या होती है। रश्मिका ने बताया है कि अगर कोई महिला अपने अंदर की आवाज से जुड़ जाती है, तो उसके अंदर कई बदलाव आते हैं। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में रश्मिका ने लिखा स्त्री ऊर्जा में एक खास जादू होता है। जब आप खुद से जुड़ जाती हैं, तो आप चीजों को साफ-साफ देखने लगती हैं। लोगों को पहचान जाती हैं और स्थितियों को पहले से समझ जाती हैं। कई बार आपको लगता है कि कुछ गलत होने वाला है। आपका मन आपको सावधान करता है। हालांकि हम उसे नजरअंदाज कर देते हैं क्योंकि जिंदगी बहुत जटिल है। रश्मिका ने आगे लिखा महिलाएं जब एक-दसरे को सहारा देती हैं और सिर्फ यह कहती हैं कि मैं तुम्हारे साथ हूं, तो एक अलग जादू होता है। उस कोमलता में बहुत ताकत होती है। स्त्री शक्ति कमजोर नहीं है। हां यह कोमल जरूर है लेकिन यह मजबूत है और प्यार से भरी हुई है। जब महिलाएं इस तरह की ऊर्जा के साथ एकजुट होती हैं तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता।

### हर महिला को मिलेगी स्त्री ऊर्जा

रश्मिका ने आखिर में लिखा मैं देख रही हूं कि आप में से बहुत सी महिलाओं में यह शक्ति है। जिन्हें अभी तक इसके बारे में समझ नहीं है वह जल्द ही इसके बारे में समझेंगी और इसे महसूस करेंगी। जल्द ही इसे पा लेंगी और मजबूत स्त्री ऊर्जा बन जाएंगी।

### द गर्लफ्रेंड के बारे में

हाल ही में रिलीज हुई रश्मिका मंदाना की फिल्म द गर्लफ्रेंड का निर्देशन राहुल रविंद्रन ने किया है। इसके लेखक भी वही हैं। फिल्म के निर्माता अल्लू अरविंद, धीरज मोगीलिनेनी और कोप्पिनीदी विद्या हैं। इसमें रश्मिका मंदाना के अलावा दीक्षित शेट्टी, अनु इमैनुएल, रोहिणी, कौशिक मेहता और राव रमेश हैं।

## अजय के साथ दोस्ती का नहीं यह रिश्ता रखती हैं रकुल प्रीत



रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है। उन्होंने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती।

### अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती रकुल

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।

### अजय को सर मानती हैं रकुल

अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।

### दे दे प्यार दे 2 के बारे में

अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म दे दे प्यार दे 2 में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।



## ओटीटी प्रोजेक्ट में अक्षय खन्ना-संजीदा शेख के साथ नजर आएंगे सनी देओल



**बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार सनी देओल और अपने तीखे अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अक्षय खन्ना एक बार फिर साथ स्क्रीन पर नजर आने वाले हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक ने दोनों सितारों के फैंस में एक्साइटमेंट दोगुनी कर दी है। बताया जा रहा है कि ये जोड़ी एक हाई-वोल्टेज एक्शन थ्रिलर में धूम मचाने की तैयारी में है, जिसमें एक्ट्रेस संजीदा शेख भी दमदार भूमिका निभाती दिखेंगी।**

### एक बार फिर साथ आए सनी-अक्षय

फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों सितारों ने एक ओटीटी एक्शन प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है। यह फिल्म पूरी तरह डिजिटल दर्शकों को ध्यान में रखते हुए प्लान की जा रही है। शूटिंग मुंबई में शुरू होने वाली है और मेकर्स कहानी को लेकर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि कहानी बिजली-सी तेज रफ्तार वाली होगी, जिसमें भारी-भरकम एक्शन, इमोशनल ड्रामा और मिस्ट्री का तड़का लगाया गया है। संजीदा शेख भी इस कहानी का अहम हिस्सा होंगी। उनके किरदार को फिल्म में इमोशनल गहराई जोड़ने वाला बताया गया है।

### क्यों चुना गया ओटीटी प्लेटफॉर्म?

पिछले कुछ समय में बड़े स्केल के एक्शन प्रोजेक्ट्स डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। मेकर्स का मानना है कि ओटीटी की विशाल और विविध दर्शक संख्या ऐसी फिल्मों को तुरंत लोकप्रियता दिलाती है। हालांकि यह अभी साफ नहीं है कि फिल्म किस प्लेटफॉर्म पर आएगी, लेकिन उद्योग से जुड़े लोग इसे किसी बड़े स्ट्रीमिंग जायंट से जुड़ा प्रोजेक्ट बता रहे हैं।

### अक्षय खन्ना के करियर में एक और बड़ा कदम



अक्षय खन्ना इस समय शानदार फॉर्म में हैं। पहले उन्होंने छावा में खलनायक बनकर दर्शकों को चौंकाया, उसके बाद उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' अपने लुक और इंटेंस ट्रेलर के कारण खूब चर्चा में है। साल 2025 उनके करियर के लिए खास होने वाला है और नया एक्शन प्रोजेक्ट उनकी लिस्ट में एक और दमदार एंट्री जोड़ देगा।

इस फिल्म को सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा डायरेक्ट कर रहे हैं, जो अपनी मजबूत कहानी और स्टाइलिश ट्रीटमेंट के लिए जाने जाते हैं।

### सनी देओल की नई उड़ान

जाट की सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर अपने एक्शन अवतार में धूम मचाने को तैयार हैं। वहीं उनकी मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' भी चर्चा में है, जिसमें वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी नजर आएंगे। सनी देओल के फैंस उन्हें फिर बड़े पैमाने पर एक्शन करते देखने के लिए बेसब्र हैं।

### संजीदा शेख का करियर ग्राफ



संजीदा शेख ने हाल ही में हीरामंडी और फाइटर में बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान खींचा। इस फिल्म में उनकी मौजूदगी कहानी में नई दिशा और परतें जोड़ने वाली मानी जा रही है।

## बिना दहेज शादी कर दिया सामाजिक सुधार का संदेश, बारातियों को दिए हेलमेट



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन नगर निवासी व अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण व नीरज कविया ने अपने पुत्र जयवर्धन सिंह सब इंस्पेक्टर सीआरपीएफ का विवाह मंगलवार 25 नवम्बर को गुमानपुरा लोसल हाल निवासी सीकर के भरत सिंह कविया की पुत्री सुनीता कंवर के साथ सम्पन्न किया। इस विवाह समारोह में चारण परिवार ने एक सकारात्मक पहल करते हुये बिना दहेज शादी कर समाज सुधार का संदेश दिया। चारण ने बताया कि शादी में सभी रस्मों में लेन-देन से दूरी बनाई गई और दहेज जैसी कुप्रथा को बंद किया गया। वहीं वधू पक्ष की ओर से चूरू में चारण छात्रावास के लिए 5 लाख रुपए का योगदान दिया गया और सभी बारातियों को हेलमेट भेंट कर सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया और बाइक चलाते समय हेलमेट पहनने का संकल्प दिलाया। विवाह में शामिल गणमान्य जनों ने वर-वधू को आर्शिवाद प्रदान कर इस पहल को समाज में नई चेतना लाने वाला बताया।

## विधायक ने किया एमएसपी योजना का शुभारंभ

### 2323 किसानों के टोकन पंजीकृत, मूंग-मूंगफली की खरीद शुरू



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** क्रय-विक्रय सहकारी समिति द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना के तहत मूंग और मूंगफली की खरीद शुरू हो गई है। इसका शुभारंभ विधायक हरलाल सहारण ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप रजिस्ट्रार सुनील मांडीया ने की। उन्होंने बताया कि शासन ने मूंगफली का एमएसपी 7,263 रुपए प्रति क्विंटल और मूंग का 8,767 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। सहकारी समिति चूरू में अब तक 2323 किसानों के टोकन पंजीकृत हो चुके हैं। समिति के मुख्य कार्यकारी मुकेश शर्मा ने जानकारी दी कि नियमानुसार मूंग की खरीद 6.95 क्विंटल प्रति हेक्टेयर और मूंगफली की 27.98 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से की जाएगी। प्रति टोकन अधिकतम 40 क्विंटल खरीद निर्धारित है। शर्मा ने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज एफएक्यू (फाक) मानकों के अनुसार साफ, सूखी और छनी हुई अवस्था में ही लाएं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बजरंग कस्वां, पदमसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष संपत सिंह, महेंद्र न्यौल, ठेकेदार शरीफ सहित बड़ी संख्या में किसान, समिति के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## नैत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा 7 दिसंबर को दड़ीबा निवासी हुलासचद मोहिनी देवी राठी व जसवंतगढ़ निवासी रामप्रसाद उषादेवी मालपानी के सौजन्य से आयोजित होने वाले निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर तथा निःशुल्क चर्म व यौन रोग चिकित्सा परामर्श शिविर को लेकर गुरुवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में शिविर के पोस्टर पैंपलेट का विमोचन किया गया। प्रबुद्ध सर्जन डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, समाजसेवी राजकुमार क्याल, हरी प्रसाद तोदी, राजेंद्र कनोई, क्लब प्रतिनिधि महावीर मीरनका, गिरधर शर्मा, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद ने विमोचन किया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि इस विशाल शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक चयनित रोगियों के लैंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में निःशुल्क करवाए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के प्रख्यात चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा चर्म रोग से संबंधित रोगियों को उचित चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा।

## चोरी के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चोरी के आरोपी का एडीजे न्यायालय ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने बताया कि सदर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भिजवाया गया था। मामले में आरोपी शोभाग उर्फ पलीत पुत्र रामस्वरूप निवासी टिकड़ द्वारा एडीजे न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया गया। जिस पर अपर लोक अभियोजक ने न्यायालय में कहा कि इन दिनों बड़ी चोरियों की वारदातों से लोगों को काफी नुकसान हो रहा है। जिस पर न्यायालय ने उनके तर्कों से सहमत होकर आरोपी का जमानत आवेदन खारिज कर दिया। मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक श्याम सुंदर खंडेलवाल ने पैरवी की।

### नोएडा में अपर यमुना रिव्यू कमेटी की 9वीं बैठक

# राज्य में यमुना जल लाने का मार्ग प्रशस्त, शेखावाटी अंचल में पहुंचेगा यमुना जल, सरकार प्रतिबद्ध - जल संसाधन मंत्री

### जल संसाधन मंत्री ने केन्द्र और हरियाणा सरकार कोदिया धन्यवाद

### यमुना जल के लिए संयुक्त टास्क फॉर्स डीपीआर को दे रही है अंतिम रूप



जयपुर टाइम्स

**चूरू/जयपुर** राजस्थान के लिए अतिमहत्वपूर्ण अपर यमुना रिव्यू कमेटी की 9वीं बैठक गुरुवार को नोएडा के यमुना भवन में हुई। इसमें राजस्थान से जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शामिल हुए। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के भागीरथ प्रयासों से वर्षों से लंबित यमुना जल अपवर्तन कार्य को धरातल पर लाने का मार्गप्रशस्त हुआ है। रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्वमें राज्य सरकार प्रदेश में अंतिम छोर तक जल उपलब्धता की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले ले रही हैं। यमुना जल की यह परियोजना राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि फरवरी, 2024 में यमुना जल के सम्बंध में एक ऐतिहासिक एमओयू के अनुरूप हरियाणा और राजस्थान सरकार द्वारा संयुक्त टास्क फॉर्स का गठन किया गया। इस फॉर्स द्वारा ही डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के शेखावाटी अंचल सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित आसपास के क्षेत्रों की जल सुरक्षाके लिए यमुना जल बेहद आवश्यक है। जल संसाधन मंत्री ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को धन्यवाद दिया, जिनके अथकप्रयासों से यमुना जल शेखावटी अंचल तक लाने के कार्यों को गति मिली हैं। श्रीरावत ने बताया कि हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में यमुना एवं इसकी सहायक नदियों पर तीन परियोजनाएं- रेणुकाजी, लखवार और किशाऊ का निर्माण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने तीनों परियोजनाओं में अपनी हिस्सेदारी की राशि स्वीकृत कर दी है, ताकि समयबद्ध कार्य पूरे हो सकें। रावत ने बताया कि इन प्रगतिरत परियोजनाओं केसाथ-साथ मानसून में यमुना नदी के व्यर्थ बहकर जा रहे जल में से आंशिक जल राशि राजस्थान में अपवर्तित करने के लिए परिवहन तंत्र का निर्माण किया जाना आवश्यक है। राजस्थान सरकार द्वारा इस तंत्र की डीपीआर तैयार करने के लिए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। यह डीपीआर दोनों राज्यों की संयुक्त टास्क फॉर्स के समन्वय से तैयार हो रही है। इसे शीघ्र ही केन्द्रीय जल आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि इस तंत्र से न केवल बाढ़ में व्यर्थ बहकर जा रहे जल का सदुपयोग संभव होगा, बल्कि भविष्य की इन परियोजनाओं के जल को राजस्थान में लाकर विभिन्न जिलों में जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। रावत ने हथिनी कुण्ड बैराज से राजस्थान में यमुना जल अपवर्तन के लिए रेणुकाजी, लखवार और किशाऊ को राष्ट्रीय परियोजनाओं काअभिन्न अंग मानकर वित्तीय सहायता प्रदान कराने का आग्रह किया। साथ ही, ओखला हैड से गुड़गांव नहर प्रणाली के जीर्णोद्धार कराने को भी अत्यन्त आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि नहर की क्षमता बढ़ने से राजस्थान को आवंटित जल भी प्राप्त हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि कमेटी की बैठक केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सरकार के मंत्रीगण और उच्चाधिकारी शामिल हुए। राजस्थान से मुख्य अभियंता व अतिरिक्त सचिव जल संसाधन भुवन भास्कर सहित अन्य उच्चाधिकारी शामिल हुए

## पंकज गुप्ता के चोथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने की आतिशबाजी

### प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** घोषित हुई प्रदेश कार्यकारिणी में चूरू के पंकज गुप्ता को पुनः प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में गढ़ चौराहे पर आतिशबाजी कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुऐ कहा कि पंकज गुप्ता एक कुशल संगठनकर्ता है और जिले में तीन बार पार्टी की कमान संभाल चुके है। उनका पुनः कोषाध्यक्ष जैसे पद पर मनोनयन पार्टी कार्यकर्ताओ के लिए प्रसन्नता का विषय है। उन्होने कहा कि इसके लिए मैं जिले के सभी कार्यकर्ताओ की और से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व नेताप्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, एवम् विधायक हरलाल सहारण सहित सभी प्रदेश के नेताओं का आभार व्यक्त करता हूॅं। इस अवसर पर राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुऐ कहा कि प्रदेश ने चूरू के मान सम्मान का बढ़ाया है और पंकज गुप्ता जैसे एक कार्यकर्ता को कोषाध्यक्ष जैसा बड़ा पद देकर कार्यकर्ताओ को सम्मान दिया है। यह हम सब के लिए प्रसन्नता का विषय है। इस अवसर पर राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत, वरिष्ठ नेता फतेहचन्द सोती, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, भास्कर शर्मा, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य, दौलत तंवर, सरपंच राकेश शर्मा, जिला प्रवक्ता सुशील लाटा, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड़, भंवर गुर्जर, ओम इन्दोरिया, कमल बुढाढरा, लक्ष्मीनारायण सैन, नितिन बजाज, सोहन सहारण, राकेश ओझा, नोरंग शिलू, गोगराज सैनी, विकास बांठिया, मुंशी चायल, सीपी खत्री, गजानन्द गौड़, रामस्वरूप कटारिया, जे.पी. प्रजापत, हरिराम चोपड़ा, सुनील भाउवाला, पवन बगड़िया, विनोद लुणिया, मुरली उंटवालिया, आशीष गोयल, मुस्ताक गौरी, आदील खांन, महेश मिश्रा, सुरेश मिश्रा, कमल सैनी, सुनील खटीक, कालू गौड़, किशन किरोड़ीवाल, अजय तंवर, निरज गौड़, यौगेश गौड़, महेश बावलिया, श्रवण बजाज, रमेश पारीक, रवि दाधीच, विनोद प्रजापत सहित अनेक कार्यकर्ता एवम् व्यापारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय साक्षरता प्रभारीयों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के डी पी एस डुंडलोद में कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ की तरफ से नवलगढ़ ब्लॉक का नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंडावा अशोक कुमार शर्मा , अध्यक्षता नवलगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आत्माराम थे। विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी झुंझुनू योगेंद्र सिंह, डीपीएस स्कूल के निदेशक बीएल रणवा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नवलगढ़ कुलदीप पूनिया, आर पी अशोक कुमार सैनी, ब्लॉक साक्षरता प्रभारी नवलगढ़ मुरारीलाल माली थे, राजकीय अस्पताल नवलगढ़ से स्वास्थ्य विशेषज्ञ विनोद कुमार चावला, मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार रामूका मूलचंद मुंड थे ।कार्यक्रम की शुरआत राष्ट्रगीत वन्देमातरम के साथ, व सरस्वती वंदना के साथ की गयी 7इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से भारत सरकार द्वारा पूरे भारत में 15 वर्ष तथा उससे ऊपर आयु ऊपर वाले उन व्यक्तियों को साक्षर बनाना जिन्हें औपचारिक स्कूलिंग का अवसर नहीं मिला, साक्षरता में डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य साक्षरता, मीडिया साक्षरता के बारे में भी जानकारी दी गई । संभागियो के रूप में नवलगढ़ ब्लॉक के पी ई ई ओ एवं ग्राम पंचायत साक्षरता प्रभारी, विद्यालय साक्षरता प्रभारीयो ने भाग लिया। प्रशिक्षण में राय सिंह महला, आशा टाक, पीरामल दायमा, मुकेश कुमार, पूर्व ब्लाक साक्षरता प्रभारी शब्बीर अहमद,विनोद कुमार लोहिया आदि भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र के सभी सत्रों का संचालन आरपी अशोक कुमार सैनी ने किया।

## समस्या का समाधान करने का आग्रह



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा** पिछले दो महीने से ई मित्र संचालक और ग्राहक दोनों परेशान सरकार में जन आधार का नया पोर्टल बना दिया जो पिछले दो से 3 महीने से काम नहीं कर रहा है पार्षद संदीप परिहार ने बताया की ईमित्र संचालक और ग्राहक बहुत परेशान हो रहे हैं और सरकार से निवेदन किया कि यह नया पोर्टल जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

## नालसा योजना की लोगों को दी जानकारी




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पी एल वी विजय पाल श्योराण ने नशे से पीड़ित लोगों के बारे में नालसा की योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी। पी एल वी ने एफसीआई के पास, पंचायत समिति के पीछे विधिक जागरूकता केंप किये। पैरा लीगल वौलंटीयर विजय पाल श्योराण ने 10 जनवरी 2026 तक चलने वाले प्रदेश व्यापी न्याय आपके द्वार अभियान के तहत स्थाई लोक अदालत के द्वारा विभिन्न जन समस्याओं के समाधान के बारे में भी जानकारी दी और लोगों को अभियान के नम्बर 9119365734 भी बताये।

## गैरसरकारी संगठन राजस्थान महिला कल्याण मण्डल का संकल्प, साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त चूरू



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की बाल विवाह मुक्त भारत की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन राजस्थान महिला कल्याण मण्डल ने कहा कि वह चुरू को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया है, ने एक लक्षित रणनीति तय की है। इसमें स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों, उन धार्मिक स्थलों जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं, और आखिर में पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बच्चों के खिलाफ इस सदियों पुराने अपराध का अंत सुनिश्चित किया जा सके। 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के 27 नवंबर को एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर राजस्थान महिला कल्याण मण्डल संस्था ने स्कूलों, ग्रामीण समुदायों और अन्य संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम और पूरे जिले में जगह-जगह बाल विवाह के खिलाफ शपथ समारोह आयोजित किए। संगठन ने जनसमुदाय को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया और उन्हें समझाया कि कानून के अनुसार बाल विवाह में किसी भी तरह से शामिल होने या सहायता करने वालों जिसमें शादी में आए मेहमान, कैटरर्स, टेंट वाले, बैंड वाले, सजावट वाले या बाल विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहित, सभी को इस अपराध को बढ़ावा देने के जुर्म में सजा हो सकती है। पिछले कुछ वर्षों से कानून लागू करने वाली एजेंसियों व जिला प्रशासन के साथ करीबी समन्वय से काम करते हुए राजस्थान महिला कल्याण मण्डल संस्था ने पिछले एक वर्ष में चूरू जिले मे अब तक 22 बाल विवाह पुलिस की सहायता से रुकवाए गए ओर 780 से अधिक परिवारों के मुखिया व बच्चों के परिजन जो अपने बच्चों का विवाह छोटी उम्र मे करने की सोच रखते थे। उन्हे वचन पत्र के माध्यम से सबंधित सरपंच,विकास अधिकारी, CMPO के संज्ञान मे लाकर पाबंद कर बाल विवाह की सोच को खत्म करके संभावित बाल विवाहों को रोका गया। जिला समन्वयक रुकैया पठान ने बताया की सदियों से हमारी बेटियों को अवसरों से वंचित किया गया है और विवाह के नाम पर उन्हें अत्याचार, शोषण और बलात्कार की ओर धकेला गया है। जन प्रतिनिधियों, सरकारी विभागों, कानून लागू करने वाली एजेंसियों और समुदायों का अभूतपूर्व तरीके से एक साथ आना, बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता और प्रयासों को नई ऊर्जा व रफ्तार देगा। इस समन्वय और सामूहिक संकल्प से हम जिले को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति आश्वस्त हैं और अब इस अपराध को छिपने के लिए कहीं भी जगह नहीं मिलेगी। ' संस्था के द्वारा इस गहन जागरूकता अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है और इसका आखिरी चरण 8 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर समाप्त होगा। इसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चलेगा जिसमें स्कूलों, कालेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता के प्रसार पर जोर रहेगा। एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच दूसरे चरण में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारे जैसे धार्मिक स्थलों पर जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं, बैंक्वेट हाल, और बैंड वालों जैसे विवाह में सेवाएं देने वालों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। तीसरा और आखिरी चरण 8 मार्च तक चलेगा। इसमें बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों, नगरपालिका के वार्डों और समुदाय स्तरीय भागीदारी पर प्रमुखता से ध्यान दिया जाएगा।

## बगड़िया अस्पताल में प्रदान किए गीजर

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय बगड़िया अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड और डायलिसिस यूनिट के लिए सूर्या इलेक्ट्रोनिक सुजानगढ़ की ओर से दो बिजली गीजर भेंट किए गए हैं। पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा ने भामाशाह का आभार जताया। इस अवसर पर प्रकाश पारीक, वासुदे शर्मा आदि मौजूद रहे। पीएमओ ने बताया कि आगामी सर्दी के मौसम में इन गीजर्स के चलते घायलों को काफी सुविधा होगी।





### कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा. / 2025-26 /10288 दिनांकः- 20/11/25

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा कृषि भूमि के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | खसरा सं. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री राजू नायक | वार्ड न.26 | 355.01 वर्गमीटर | 1592 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर



### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT JEELO P.S. PATAN (SIKAR)

S.NO. : 259 DATE : 24-11-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 24-11-2025, 09:30 AM to 01-12-2025, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS.500000/-

UBN No. PKP2526WSOB00208-209

PRASHASHAK GP JEELO VDO GP JEELO

# नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की कार्रवाई, 37,700 रुपये कैरिंग चार्ज वसूला, 9 केन्टर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गठित टीम ने दिनभर अलग-अलग स्थानों पर निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाया। सतर्कता शाखा की टीम ने नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के सामने, अक्षय पात्र चौराहा से



विधाणी चौराहा तक, एस.एम.एस. व ट्रोमा सेंटर के सामने, वी.के.आई. क्षेत्र, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, संजय सर्किल, संसार चंद्र रोड, वानिकी पथ, सहदेव मार्ग, अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जमुना नगर सोडाला, सिविल लाइन मेट्रो स्टेशन, किशनपोल बाजार, चौड़ा रास्ता, जौहरी बाजार, रामगंज बाजार, रामगंज चौपड़ सहित कई व्यस्त इलाकों में अस्थाई अतिक्रमण हटाया। अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथों पर कब्जा जमाकर बैठे ठेले, खोखे एवं अन्य अस्थाई ढांचों को हटाया गया। कार्रवाई के तहत कुल 9 केन्टर सामान जब्त कर नगर निगम के गोदाम में भिजवाया गया। वहीं, अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर ही 37 हजार 700 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि अभियान के दौरान संबंधित व्यक्तियों को मौके पर समझाइश कर मौखिक पाबंद किया गया कि वे भविष्य में सड़क, फुटपाथ या सार्वजनिक मार्गों पर अस्थाई अतिक्रमण न करें। चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा अवैध अतिक्रमण किया गया, तो नगर निगम जयपुर द्वारा भारी चालान के साथ कठोर व प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे यातायात और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण से दूर रहें।

## पुरुष नसबंदी पखवाड़े का दूसरा चरण शुरू, 4 दिसंबर तक चलेगा सेवा वितरण सप्ताह

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** परिवार कल्याण कार्यक्रमों में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़े का दूसरा चरण शुरू हो गया है, जो 4 दिसंबर तक सेवा वितरण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा 'स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरुष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार' थीम पर आधारित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि राज्य में प्रजनन दर 2.0 तक लाने में प्रगति के बावजूद परिवार नियोजन की जिम्मेदारी अब भी मुख्य रूप से महिलाएं ही उठा रही हैं, जबकि इसमें पुरुषों की बराबर भागीदारी आवश्यक है। 27 नवंबर तक चलाए गए मोबिलाइजेशन सप्ताह के दौरान पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूकता, परिवार नियोजन में पुरुषों की जिम्मेदारी और कंडोम सहित उपलब्ध गर्भनिरोधक साधनों के प्रचार पर विशेष जोर दिया गया। इस अभियान में एएनएम, आशा सहयोगिनियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा योग्य दंपतियों से संपर्क कर परिवार नियोजन के साधनों, सीमित परिवार के लाभ, विवाह की उचित आयु, प्रसव के बीच अंतर रखने तथा प्रसवोत्तर व गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाओं की जानकारी दी गई। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा ने बताया कि दूसरे चरण में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर नसबंदी शिविर, कंडोम वितरण तथा अन्य परिवार कल्याण गतिविधियां आयोजित होंगी। जिन केंद्रों पर संसाधन उपलब्ध हैं वहां नसबंदी सेवाएं नियमित रूप से दी जाएंगी। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले में हर माह के तीसरे बुधवार को पुरुष नसबंदी दिवस भी मनाया जा रहा है।

## रेसा - वीपी में घनश्याम दास मीना संयोजक, राजन सिंह मीना बने सह संयोजक



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद (उप-प्राचार्य) के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार धौलपुर जिले के संयोजक और सह संयोजक नियुक्त किये गए। प्रदेशाध्यक्ष विजयपाल धुंवा एवं महामंत्री मनोज विश्नोई ने धौलपुर जिला संयोजक के रूप में घनश्याम दास मीना उप प्राचार्य RP CBEO कार्यालय बाड़ी,सह-संयोजक पद पर राजन सिंह मीना उप प्राचार्य रा उच्च मा विद्यालय सिंगोंरई को मनोनीत किया है। नियुक्ति के बाद प्रदेश पदाधिकारियों ने नवगठित टीम को संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने हेतु जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उप-प्राचार्यों ने दी शुभकामनाएं नई कार्यकारिणी के गठन पर उप प्राचार्य रहीश खान,रामफल मीणा,देवेंद्र शर्मा,जगदीश पहाड़िया संतोष मीणा, नीलम मीना, शिव सिंह मीणा, मुकेश शर्मा, रामदास बघेल , शैलेन्द्र अग्रवाल, भगवानदास, भगवान सिंह मीना आदि ने पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नई टीम संगठन को नई दिशा, ऊर्जा और उत्कृष्टता प्रदान करेगी। नई जिम्मेदारी मिलने पर पदाधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और टीम वर्क के साथ संगठनात्मक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

## नगर परिषद अपने मेला में मस्त जिले की जनता त्रस्त कोन है रखवाला धौलपुर जिले का रामभरोसे जनता

### शहर के चारों तरफ गंदगी के डेर लगे हुए हैं और जनता को निकलने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले के नगर परिषद की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता ने शहर को पूरी तरह बदहाल कर दिया है शहर में प्रवेश करते ही हर ओर गंदगी, कीचड़, जाम नाले, टूटे रास्ते और कूड़े के ढेर दिखाई देते हैं जिसकी वजह से शहरवासी रोजाना परेशानियों की दलदल में फंसे हुए हैं लेकिन नगर परिषद के अधिकारी हालात सुधारने के बजाय कुर्सियों पर बैठकर सिर्फ कागज़ी कार्यवाही तक सीमित हैं धौलपुर के अधिकांश वार्डों में महीनों से नालों की सफाई नहीं हुई है नालों में जमा गंदगी और कीचड़ सड़क पर फैलकर लोगों के घरों तक पहुंच रही है कई वार्ड कई इलाकों में हालात इतने खराब हैं कि लोग रोजाना बदबू से परेशान होकर दरवाज़े-खिड़कियाँ बंद रखने को मजबूर हैं शहरवासियों का कहना है नगर परिषद के अधिकारी सिर्फ फाइलों में धौलपुर को साफ दिखाते हैं, असली शहर की हालत तो नरक जैसी हो गई है।

## राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का राज्य स्तरीय सम्मेलन लक्ष्मणगढ़ में 19-20 दिसम्बर को

**धौलपुर(निसं.)** राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन आगामी 19 व 20 दिसम्बर को अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षक भाग लेंगे। राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रभान चौधरी ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में अनेक विशिष्ट अतिथि एवं प्रबुद्ध वक्ता शिरकत करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री, तथा अन्य अतिथि के रूप में जवाहर सिंह बेढ़म, गृह राज्य मंत्री, बाबा बालक नाथ, विधायक तिजारा, राजेन्द्र मीना, विधायक महवा, मोतीलाल मीना, उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पंकज मीना, प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी, डॉ. सुन्दर सिंह, प्रोफेसर एमएसजे कॉलेज, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक प्रोफेसर एमएसजे कॉलेज, डॉ. राजीव शर्मा, सांगानेर तथा पंडित गिरिराज शर्मा, मुख्य संरक्षक राजस्थान शिक्षक संघ (एकीकृत) सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। चौधरी ने बताया कि सम्मेलन में आरजीएचएस प्रकरण से पीड़ित साथियों तथा बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशकों से विशेष रूप से बड़ी संख्या में पहुँचने का आग्रह किया गया है, ताकि उनकी मांगों एवं समस्याओं को सार्वजनिक मंच से सरकार के प्रतिनिधियों के समक्ष मजबूती से उठाया जा सके। संगठन ने शिक्षकों से इस महत्वपूर्ण सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी की अपील की है।

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के दंत चिकित्सकों की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरुवार को स्वास्थ्य भवन पर जिलेभर के दंत चिकित्सकों की आमुखीकरण कार्यशाला उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ.मीणा ने कहा कि तंबाकू का सेवन मौखिक कैंसर का प्रमुख कारण है और जिले में युवाओं में इसकी बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। उन्होंने दंत चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से मरीजों को तंबाकू त्याग के लिए प्रेरित करें तथा प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित कराएँ। इस दौरान प्रतिभागियों को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के उद्देश्यों, और गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू के विभिन्न रूपों जैसे खैनी, जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, ई-सिगरेट के दुष्प्रभावों तथा



मौखिक कैंसर के शुरुआती संकेतों पर प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यशाला में दंत चिकित्सकों को तंबाकू निषेध परामर्श की तकनीकों, व्यवहारिक परामर्श के तरीके, तथा क्लिनिक स्तर पर उपयोग किए जाने वाले आईईसी मॉड्यूल के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ब्लॉकों से आए दंत चिकित्सकों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई और तंबाकू मुक्त समाज निर्माण हेतु सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यशाला के दौरान अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव मीणा, डॉ. बी डी व्यास सहित अन्य मौजूद रहे।

## कोच्या की ढाणी में देवधाम निर्माण का शुभारंभ, धार्मिक आस्था से सराबोर रहा पूरा क्षेत्र

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निसं.)।** कस्बे के समीपवर्ती गांव कोच्या की ढाणी में गुरुवार का दिन भक्ति, आस्था और उत्साह का प्रतीक बन गया। ग्रामवासियों की लंबे समय से प्रतीक्षित देवनारायण भगवान के नए मंदिर निर्माण की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ की गई। शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण छा गया।

### वैदिक विधि-विधान के साथ भूमि पूजनः

मंदिर निर्माण शुभारंभ कार्यक्रम पंडित महेश व्यास के सानिध्य में संपन्न हुआ। पूजन के दौरान वैदिक मंत्रों की ध्वनि से संपूर्ण परिसर गुंजायमान हो उठा। भूमि पूजन, कलश स्थापना और हवन-यज्ञ के साथ मंदिर निर्माण की औपचारिक शुरुआत की गई। पुजारी गोरधन पोसवाल व उनकी धर्मपत्नी संतोष देवी ने हवन में आहुतियां अर्पित करते हुए पूर्णाहुति दी। ग्रामीणों ने भी आस्था के साथ यज्ञ में भाग लेकर अपने कल्याण की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण डूंगरी कला के संत हीरापुरी जी महाराज रहे, जिन्होंने सत्संग में भाग लेते हुए भक्तिरस से ओत-प्रोत भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए। उनके मधुर भजनों से वातावरण आध्यात्मिक प्रकाश से भर उठा। गांव की महिलाओं ने भी देव महिमा का गुणगान करते हुए मंगल गीत प्रस्तुत किए, जिससे आयोजन और भी गरिमामय बन



गया। ग्रामीण प्रेमचंद हाकला ने बताया कि देवनारायण भगवान का पुराना मंदिर वर्ष 2005 में निर्मित किया गया था, लेकिन समय के साथ संरचना जर्जर हो चुकी थी। सुरक्षा कारणों और मंदिर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए मंदिर को ध्वस्त कर अब एक नए, भव्य और टिकाऊ स्वरूप में पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में पुरातन हीरामल महाराज मंदिर में स्थापित मूर्तियों को विधि-विधान के साथ सवाई भोज मंदिर व सादू माता मंदिर में सुरक्षित स्थानांतरित किया गया है। शीघ्र ही उस मंदिर का भी पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। देवनारायण भगवान के नए धाम की शुरुआत का साक्षी बनने के लिए क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित रहे। इस अवसर पर युवा नेता हनुमान तंवर, युवा समाजसेवी हरिराम सौरठ, कालूराम सराधना, भंवरलाल कोली, श्योजीराम नेटडाक, कानाराम नेटडाक, नारायण पुजारी, गोपीराम भड़ाना, नंदाराम भड़ाना, देवकरण कोली, कानाराम कोली, नारायण कोली, ईश्वर डोई सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन हादसों में कुल 6 ट्रक आपस में टकरा गए

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिले के मनियां थाना क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इन हादसों में कुल 6 ट्रक आपस में टकरा गए, जिससे दो ट्रकों के ड्राइवर फंस गए। पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों ड्राइवरों को बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। पहला हादसा उत्तर प्रदेश बॉर्डर स्थित बरैठा चौकी के पास पार्वती नदी के पुल पर हुआ। चौकी प्रभारी एएसआई बदन सिंह के अनुसार, गुरुवार तड़के आगरा से ग्वालियर की ओर जाने वाली लेन पर एक ट्रक ने पार्वती नदी के पास ढलान पर अचानक ब्रेक लगा दिए। इसके परिणामस्वरूप, एक के बाद एक चार ट्रक आपस में भिड़ गए। इस भिड़ंत में सबसे पीछे वाले ट्रक का ड्राइवर अभिषेक यादव (23 वर्ष), पुत्र गंगाराम, निवासी सागर, मध्य प्रदेश, ट्रक में फंस गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे रेस्क्यू कर बाहर निकाला और आगरा जिले के सैंया अस्पताल भेजा।पहले हादसे के रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान ही दूसरी घटना हुई। ग्वालियर से आगरा की ओर जाने वाली लेन पर एक ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे उसके पीछे आ रहा एक अन्य ट्रक उससे जा टकराया। इस दूसरे हादसे में ट्रक ड्राइवर रमेश (45 वर्ष),



पुत्र चेतराम, निवासी बरियापुर, थाना बांसी, जिला ललितपुर, उत्तर प्रदेश, ट्रक में फंस गया। एएसआई मोहनलाल मीणा की मदद से उसे तुरंत बाहर निकालकर जिला अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

## सरकारी बिजली तार चोरी मामले में पुलिस की कार्रवाई, सीकर निवासी दो आरोपियों गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर पुलिस ने सरकारी बिजली तार चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए सीकर निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल को सरदारशहर पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ था कि हालासर जीएसएस से भोजरासर गांव की तरफ आने वाली नई बिजली की 33 केवी लाइन को रात्रि के समय अज्ञात चोर करीब 31 पोल की करीब डेढ़ किलोमीटर की लाइन के बिजली के तार काटकर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान शुरू किया। मामले में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में एएसआई



प्रदीप कुमार मीणा के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। टीमों द्वारा जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक विधि से आरोपियों को ट्रेस किया गया। बिजली के तार चोरी करने वाले आरोपी सीकर निवासी 36 वर्षीय महावीर प्रसाद बुरड़क पुत्र मानाराम और 40 वर्षीय रामनिवास मुहाल पुत्र रामेश्वरलाल को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों से गहनता से वारदात में अन्य शामिल आरोपियों व चोरी के तार बरामदगी व अन्य चोरियों की वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है। वहीं थाना अधिकारी ने बताया कि इसी मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

## रेनवाल मांजी पुलिस ने दो शातिर चोर पकड़ेः बस स्टैंड से चोरी बाइक सहित दो मोटरसाइकिलें बरामद

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निसं.)।** रेनवाल मांजी पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें एक बस स्टैंड से चोरी हुई बाइक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, 25 नवंबर को कस्बे के बस स्टैंड से चोरी हुई हीरो स्प्लेंडर बाइक को बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त, एक बिना नंबर की स्प्लेंडर बाइक भी जब्त की गई है, जिसके मालपुर गेट थाना क्षेत्र से चोरी होने की जानकारी मिली है। यह कार्रवाई परिवादी हनुमान गुर्जर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज होने के बाद की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा और फागी सीओ अनिल डोरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी रेनवाल मांजी रणधीर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और आसूचना के आधार पर फागी निवासी सोहिल पुत्र ईद खान (22) और



महेन्द्र वर्मा पुत्र रामनिवास (20) को गिरफ्तार किया। आरोपियों से बरामद चोरी की गई बाइक सहित बिना नंबरी स्प्लेंडर बाइक को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

## *भाजपा राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी घोषितः भोजपुरा के मदन प्रजापत बने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, 34 नाम शामिल*

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के निर्देश पर जारी इस सूची में डिग्गी रोड़ स्थित भोजपुरा निवासी मदन प्रजापत को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदभार संभालने के 480 दिन बाद इस कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें कुल 34 नाम शामिल किए गए हैं, जिनका लंबे समय से इंतजार था। घोषित कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 7 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 प्रकोष्ठ प्रभारी और 7 प्रवक्ता शामिल हैं। ये पदाधिकारी पार्टी संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रदेशाध्यक्ष ने कुछ अन्य महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी की हैं। इनमें 1 कोषाध्यक्ष, 1 सह-कोषाध्यक्ष, 1 प्रकोष्ठ प्रभारी, 1 कार्यालय सचिव, 1 सोशल मीडिया प्रभारी, 1 आईटी प्रभारी और 1 मीडिया प्रभारी शामिल हैं।




## सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना के लिए पेंशनर्स भौतिक सत्यापन कराएं

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से कैलेण्डर वर्ष 2026 के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। योजनान्तर्गत सभी लाभार्थियों को 31 दिसम्बर 2025 तक स्वयं का वार्षिक भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से करवाना है। जिले में लगभग 1 लाख 67 हजार 50 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थी है जिनमे से अब तक केवल 46.75 प्रतिशत पेंशनर्स का ही सत्यापन हुआ है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्दों पर अंगुली की छाप से करवाया जा सकता है। साथ ही वार्षिक भौतिक सत्यापन हेतु विकसित एन्ड्राइड मोबाइल ऐप के माध्यम से लाभार्थी के फेस रिकॉग्निशन के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी योजनान्तर्गत अपना वार्षिक सत्यापन जल्द से जल्द करवाये जिससे उनको पेंशन योजना का लाभ सुचारू रूप से मिलता रहे। सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स योजनान्तर्गत वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में लाभार्थी बाहरी क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**

मु.न.- 157/28/2118 दिनांक 25.11.25

**नोटिस**

चूंकि केशवदास श्री खेड़ापा रामस्नेही रामद्वारा ट्रष्ट राजलदेसर तहसील रतनगढ़ जिला चूरू द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रभ्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत भी कमा रामस्नेही रामद्वारा ट्रस्ट राजलदेसर तहसील रतनगढ़ जिला शुरू में नये न्यासीयों का नाम दर्ज करने के संबंध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त जिसकी जाांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तिथा प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.12.2025 निश्चित है।

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग**
**बीकानेर**

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर**
( दूरभाष नं. 0141-2820360, email-dirarch@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः एफ.586/पु.सं./स्मा./फाईन डाईनिंग रेस्टो./विद्याधर का बाग/2025/17369 दिनांक-20.11.25

**निविदा सूचना**

विद्याधर का बाग, जयपुर में पर्यटकों की सुविधार्थ फाईन डाईनिंग रेस्टोरेन्ट के संचालन के लिए इच्छुक और पात्र कंपनी / फर्म / व्यक्तियों / से ऑनलाईन बोली आमंत्रित की जाती है। बोली का विस्तृत विवरण http//museumsrajasthan.rajasthan.gov.in, http//eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**निदेशक**

DIPR/C/17346/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड जोबनेर**

क्रमांक : अ.अ./खण्ड / जोबनेर / 2025-26 /1334 दिनांक :- 17-11-2025

**निविदा सूचना सख्यां - 50-52 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड जोबनेर के अधीन विभिन्न कार्यों की निविदा संख्या 50-52 / 2025-26 के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संख्या 50-52 / 2025-26 दिनांक 04.12.2025 को अपरान्ह 1 बजे तक बेची जाकर दिनांक 04.12.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक कार्यालय में जमा करवायी जा सकेगीं । निविदा की तकनिकी बिड दिनांक 05.12.2025 को इस कार्यालय में सायः 3 बजे खोली जायेगीं। प्रपत्र व इससे सम्बंधित नियम व शर्तें विस्तृत विवरण निम्नलिखित वेबसाईट पर देखे जा सकते है।
www.sppp.rajasthan.gov.in/www.dipronline.org
Office ID-41829
'जल ही जीवन है ।'

**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागा**
**खण्ड - जोबनेर**

DIPR/C/17322/2025

## एनसीसी दिवस पर हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय महाविद्यालय आज एन.सी.सी. दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता अनुशासन देशभक्ति तथा समाज सेवा के प्रति जागरूकता का विकास करना रहा। प्रतियोगिता में एन.सी.सी. कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अनुशासन का महत्व, युवा शक्ति, देशभक्ति तथा एन.सी.सी. का योगदान.. जैसे विषयों पर आकर्षक एवं प्रभावशाली पोस्टर प्रस्तुत किए। छात्रों ने रंगों और प्रतीकों के माध्यम से एन.सी.सी. की भावना- एकता और अनुशासन' को अत्यंत सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य विनीता चौधरी, प्रो. बी.एस. बैरवा एवं एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. योगेश कुमार कल्ला के निर्देशन में हुआ। प्राचार्य विनीता चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि एन.सी.सी. विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता अनुशासन तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भावना विकसित करने का सर्वोत्तम मंच है। एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. योगेश कुमार कल्ला ने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए बताया कि एन.सी.सी. युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए तैयार करता है।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद्भागवत्कथा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय गनोड़ा रोड़ की सिंघी प्याउ के पास स्थित किस्तूरनाथजी की बगीची में श्रीमद्भागवत्कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। राजकुमार प्रजापत ने बताया कि गुरूवार को आकेश्वर महादेर मंदिर से लेकर कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान गणेशाराम सियाग रहे। कार्यक्रम में संत सुरजीत नाथ, कानजी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। आयोजन में जसूराम, सोहनराम, महावीर, गोपाल, सुखराम, कालूराम आदि ने सहयोग किया। कथा में सवा बारह बजे से सवार चार बजे प्रवचन होंगे। बाल व्यास मोहित राज शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस विधि विधान के साथ पूजन किया गया। कलश यात्रा में महिलाओं ने भक्तिभाव के साथ भाग लिया।

## श्रवण सिंह बगड़ी बने भाजपा प्रदेश महामंत्री

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** लक्ष्मणगढ़ उपखंड के बगड़ी गांव के लिए गौरव का क्षण तब आया जब श्रवण सिंह बगड़ी को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। संगठन ने उन पर भरोसा जताते हुए प्रदेश स्तर पर यह अहम दायित्व सौंपा है, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।नियुक्ति की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। बधाई देने वालों का तांता लग गया और सोशल मीडिया से लेकर



व्यक्तिगत मुलाकातों तक शुभकामनाओं का दौर जारी रहा।श्रवण सिंह बगड़ी की नई जिम्मेदारी पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, भाजपा नेता दिनेश जोशी, पूर्व जिला मंत्री गोपाल लाटा, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश पाटोदा, मण्डल अध्यक्ष ललित पंवार, नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट ललित पुरोहित, पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी,भाजपा नेता संपत सैनी, मधुसूदन दायमा सहित भाजपा पार्षदगण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।क्षेत्रवासियों का मानना है कि श्रवण सिंह बगड़ी की यह नियुक्ति संगठन के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी।

## नेत्रदान जागरूकता विषय पर कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स


**मण्डावा(निसं.)।** हेतमसर स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रदान जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य वक्ता राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , भारू के चिकित्सा अधिकारी डॉ0



राहुल जागिङ ने छात्राओं को ऑखों को जीवन का अनमोल रत्न बताते हुए नेत्रदान से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में बताया । साथ ही छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में दी जाने वाली सीपीआर प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उसके उपरान्त महिला नीति की सदस्य प्रिंयका सहायक आचार्य ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया । इस अवसर प्राचार्य डॉ0 सुनीता बेनीवाल , राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी अविनाश कुमार मील, सुभाष चन्द्र, योगेन्द्र कुमार, रविकान्त मीणा, प्रिंयका, अशोक सैनी, प्रिंयका कुलहरि, सुनिता कुमारी आदि स्टाफ सदस्य तथा भारी संख्या में छात्रायें उपस्थित रही ।

# मदन राठौड़ की नई टीम में 9 उपाध्यक्ष 4 महामंत्री,7 मंत्री और 7 प्रवक्ता , कार्यकारिणी का ऐलान







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी का ऐलान हो गया है मदन राठौड़ की नई टीम में 9 उपाध्यक्ष 7 और चार महामंत्री तथा 7 मंत्री बनाए गए हैं इसके अलावा 7 प्रवक्ता भी नियुक्त किए गए हैं । मदन राठौड़ की नई टीम में चूरू के पंकज गुप्ता को कोषाध्यक्ष और जयपुर के श्याम अग्रवाल को शहर कोषाध्यक्ष बनाया गया है तथा कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी जयपुर के मुकेश पारीक को दी गई है प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में हनुमानगढ़ के विजेंद्र पूनिया को जिम्मेदारी दी गई प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ की नई टीम में श्रीगंगानगर के सुरेंद्र पाल सिंह टीटी ,पाली के नाहर सिंह जोधा, झुंझुनू के मुकेश दाधीच, बीकानेर के बिहारी लाल बिश्नोई, कोटा के छगन माहुर, बांसवाड़ा के हकरू , नागौर की ज्योति मिर्धा, उदयपुर की अलका मूंदड़ा और अजमेर की सरिता को उपाध्यक्ष बनाया गया है तथा प्रदेश भाजपा के महामंत्री पद पर करके श्रवण सिंह बागड़ी, हनुमानगढ़ के कैलाश मेघवाल, दोसा के भूपेंद्र सैनी, अजमेर के मिथिलेश गौतम को नियुक्ति दी गई है इसी तरह से प्रदेश भाजपा के मंत्री पद पर जयपुर के नारायण मीणा, जयपुर के अजीत, बीकानेर की अपूर्व सिंह , जैसलमेर के आईदान सिंह, जयपुर की एकता अग्रवाल, सिरोही के नारायण पुरोहित और सवाई माधोपुर के सीताराम पोसवाल को नियुक्त किया गया है । प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पद पर जयपुर देहात से ताल्लुक रखने वाले कैलाश वर्मा, कुलदीप धाकड़, रामलाल शर्मा, बीकानेर के दशरथ सिंह, जयपुर देहात के मदन प्रजापत जयपुर की राखी राठौर और स्टेफी चौहान को नियुक्त किया गया है तथा प्रभारी सोशल मीडिया सेल के हीरेंद्र कौशिक बनाए गए हैं आईटी के प्रभारी बीकानेर के अविनाश जोशी बनाए गए हैं और मीडिया प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी प्रमोद वशिष्ठ के पास ही बरकरार रखी गई है मदन राठौड़ की नई टीम में पार्टी के कई मौजूदा विधायक और पूर्व विधायकों को जगह दी गई है तथा कई नई चेहरों को पार्टी के संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है बड़ी बात यह है कि मदन राठौड़ पहले यह कहा करते थे कि सरकार के कुछ मौजूद मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है लेकिन भजनलाल सरकार में मंत्रिमंडल में शामिल एक भी मंत्री को संगठन में शामिल नहीं किया गया है प्रदेश भाजपा में मुकेश दाधीच जो पहले से ही उपाध्यक्ष हैं उन्हें फिर से इसी पद पर जिम्मेदारी दी गई है मुकेश दाधीच भाजपा के संगठन के मामलों में काफी माहिर बताए जाते हैं और उन्होंने उपाध्यक्ष पद पर रहते थे पार्टी के संगठन को मजबूती देने के लिए काफी अच्छे प्रयास भी किए हैं मुकेश दाधीच कड़ी मेहनत और पार्टी की समर्पित भाव से सेवा करने वाले नेता माने जाते हैं इसके अलावा मदन राठौड़ की यह जो नई टीम सामने आई है इसमें कुछ नेता ऐसे भी हैं जिनके पास पहले से ही संगठन में जिम्मेदारी है ।

## भाजपा की नई टीम में दिखा संतुलन, हर क्षेत्र को मिला प्रतिनिधित्व

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी राजस्थान की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा बुधवार को कर दी गई। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा जारी सूची को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की स्वीकृति प्राप्त है। नई टीम में क्षेत्रीय संतुलन और सामाजिक विविधता को महत्व देते हुए नए चेहरों के साथ अनुभवी नेताओं को भी उचित स्थान दिया गया है। इससे संगठन में सामंजस्य और मजबूती का संदेश माना जा रहा है।

### उपाध्यक्ष पद पर 11 नेताओं को जिम्मेदारी:

प्रदेश नेतृत्व ने उपाध्यक्ष पद पर श्रीगंगानगर से सरदार सुरेन्द्रपाल सिंह ढोली, पाली से नाहरसिंह जोटा, बूंदी से कुंवर चाचेर, जैसलमेर से विभानंदन विश्नोई, कोटा से धर्मपाल मीणा, बारां से मीना मांझी, चूरू से वीरेंद्र जांगिड़, नागौर से प्रमोद बुनकर, उदयपुर से आकृति बुनकर, अजमेर से हेमा नेहा और जयपुर से रीता मीणा को नियुक्त किया है।

### चार महामंत्री घोषितः

पार्टी ने महामंत्री पद पर
केलाश सेवाच (हनुमानगढ़),
सुमेरसिंह राजावत (दौसा),
हिमांशु गौतम (जयपुर),
मगराम मेघवाल (जैसलमेर)
को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।

### छह मंत्रियों की नियुक्तिः

प्रदेश मंत्री के रूप में
अजीत नागर (जयपुर)
उप्पल सिंह (बीकानेर)
आईदान सिंह मलवी (जालोर)
एकता अग्रवाल (जयपुर)
नारायण गुर्जर (सीकर)
सीताराम पोसवाल 'गुर्जर' (सवाई माधोपुर)
को जिम्मेदारी दी गई है।

### अन्य प्रमुख दायित्वः

कोषाध्यक्षः पंकज गुर्जर (चूरू)

सह-कोषाध्यक्षः श्याम अग्रवाल (जयपुर)

कार्यालय सचिवः कुलदीप पारीक (जयपुर)

### प्रवक्ता दल में युवाओं को स्थानः

प्रवक्ता दल में
विजय मर्चा,
कोमल अग्रवाल,
कृतिकुलेश धाकड़,
रमाकांत शर्मा,
दायर सिंह,
विजय पुरोहित,
साथ ही रजनी खरबूज, रेखा चौहान और सौरभ कोठिक को शामिल किया गया है।

### सोशल मीडिया और आईटी टीम भी सक्रियः

सोशल मीडिया प्रभारीः हिमांशु कोठिक (जयपुर) आईटी प्रभारीः अविनाश जोशी (बीकानेर) मीडिया प्रभारीः प्रमोद कुमार बंसल (जयपुर)

### राठौड़ बोले, नई ऊर्जा के साथ मैदान में उतरेगी टीमः

'नई टीम संगठन को नई ऊर्जा देगी और सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे। '

**मदन राठौड़, प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान**

## कलेक्टर टीना डाबी की मौजूदगी में सांसद बेनीवाल ने अफसर को फटकार लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बाड़मेर जिले में दिशा की बैठक में मौजूद अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ बैठक में आने के निर्देश भी दिए बैठक में विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी मौजूद थे उन्होंने भी विधायकों की कार्यशैली और व्यवहार पर सवाल खड़े किए और कहा कि अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में नहीं आते हैं जिसकी वजह से जनप्रतिनिधियों की ओर से पूछे गए सवालों का ठीक तरह से जवाब नहीं मिल पाता उन्होंने कहा कि अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ इस तरह की बैठक में आना चाहिए ताकि जनप्रतिनिधि को उनके सवालों का सही जवाब मिल सके जानकारी के अनुसार बाड़मेर जिले में दिशा बैठक का आयोजन चल रहा था बैठक में सड़क और अन्य विभागों से संबंधित विकास कार्यों के बारे में स्थानीय सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल को जब अधिकारियों की ओर से संतोषजनक और पूरा जवाब नहीं मिला तो वह गुस्से में हो गए और अपने निर्वाचन क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के प्रति गहरी नाराजगी जताई और कहा कि उनके क्षेत्र में संपादित किया जा रहे विकास कार्यों के बारे में उन्हें कोई ठीक तरह से जानकारी नहीं दी जाती उन्हें विकास कार्यों के अपडेट नहीं दी जाती और जब वह अधिकारियों से विकास कार्यों के बारे में सवाल जवाब करते हैं तो उन्हें संतोषजनक जवाब भी नहीं मिलता यह एक तरीके से जनप्रतिनिधियों का अपमान है उन्होंने





कहा कि वह लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और जनता के आशीर्वाद से सांसद चुने गए हैं इसलिए उनके निर्वाचन क्षेत्र में संपादित किया जा रहे विकास कार्यों के बारे में उन्हें पूरी जानकारी देना अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा बैठक में बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी भी मौजूद थी और बेनीवाल जब गुस्से में अपनी बातें अधिकारियों को कह रहे थे तो वे चुपचाप बेनीवाल को देख रही थी इस बैठक को लेकर रविंद्र सिंह भाटी ने भी नाराजगी जताई और कहा कि जनप्रतिनिधियों की ओर से पूछे गए सभी सवालों का जवाब देना अधिकारियों की ड्यूटी बनती है लेकिन जब अधिकारियों को ही अपने विभाग की संपूर्ण जानकारी नहीं होती है तो फिर जनप्रतिनिधि अपनी बात कहां कह और किस से अपने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों के बारे में सवाल जवाब करें इसलिए अधिकारियों को पूरी स्टडी और तैयारी के साथ बैठक में आना चाहिए अन्यथा इस तरह की बैठक का कोई मतलब नहीं रह जाता ।

## सहकारिता मंत्री ने किया 'सहकार गैलेरी' का उद्घाटन, सहकारी आन्दोलन की विरासत अब एक ही छत के नीचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने गुरुवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंधन संस्थान (राइसेम) परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत स्थापित 'सहकार गैलेरी' का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने गैलेरी का अवलोकन किया और सहकारी आन्दोलन की यात्रा व उपलब्धियों को आकर्षक रूप से प्रदर्शित करने के लिए विभाग की सराहना की। सहकारिता विभाग द्वारा एनसीसीएफ के सहयोग से बनाई गई इस गैलेरी में सहकारी आन्दोलन की गौरवशाली यात्रा, महत्वपूर्ण पड़ाव, उपलब्धियां और नवाचारों को सुव्यवस्थित रूप में प्रस्तुत किया गया है। दक ने कहा कि यह गैलेरी सहकारिता की भावना, सामूहिक प्रयासों और सहभागिता आधारित विकास का सजीव उदाहरण है। इससे आगंतुकों, विद्यार्थियों और सहकार बंधुओं को प्रेरणा मिलेगी कि कैसे छोटे-छोटे सामूहिक प्रयासों से बड़े सामाजिक परिवर्तन संभव होते हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, सहभागिता और पारदर्शिता पर आधारित आन्दोलन है, जो राष्ट्र की बुनियाद को मजबूत करता है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक किसानों, महिलाओं, युवाओं और छोटे उद्यमियों को सहकारी तंत्र से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को साकार करने के लिए राज्य सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है और



'सहकार गैलेरी' इसी दिशा में महत्वपूर्ण ज्ञान केन्द्र के रूप में काम करेगी।गैलेरी में सहकारिता से जुड़ी सामग्री को क्लिप बोर्ड, एक्रेलिक शीट, विनायल प्रिंट, फोटो फ्रेम एवं डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति की थीम पर सजाया गया है। जानकारी को अलग-अलग खंडों में विभाजित कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का परिचय, सिद्धांत, उद्देश्य, सहकारी आन्दोलन का उद्भव एवं विकास, राजस्थान में सहकारिता के इतिहास, वर्तमान परिदृश्य, 'सहकार से समृद्धि' के तहत प्रमुख उपलब्धियां और राज्य की त्रिस्तरीय सहकारी संरचना को विस्तार से दर्शाया गया है। राज्य की पुरानी सहकारी समितियों के छायाचित्र, प्रमाण पत्र और अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों के फोटो विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। उद्घाटन अवसर पर सहकारिता विभाग तथा विभिन्न सहकारी संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने किया तीन ईआरओ का सम्मान

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया गया सम्मानित

### जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित हुआ सम्मान समारोह

### जयपुर में 36 लाख से अधिक परिगणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटलीकरण




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को जिले के तीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को सम्मानित किया। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शाहपुरा निर्वाचक पदाधिकारी संजीव कुमार खेदर, दूदू निवार्चक पदाधिकारी रमेश कुमार एवं बस्सी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. गरिमा सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बीएलओ से संवाद के दौरान उन्होंने न केवल उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मुक्तकंठ से सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि उनकी यह प्रतिबद्धता पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने अनुभव, ऊर्जा और कार्यकुशलता से अन्य साथियों को प्रेरित कर उन्हें भी लक्ष्य प्राप्ति में मार्गदर्शन दें, ताकि पूरे जिले में पुनरीक्षण अभियान की गति और अधिक मजबूत एवं प्रभावशाली रूप में आगे बढ़ सके उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि जयपुर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत परिगणना कार्य प्रगति पर है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी निरंतर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि 36 लाख 75 हजार 806 यानी 76.03 फीसदी से अधिक परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 18 हजार 372, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 20 हजार 301, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 31 हजार 369, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 10 हजार 421, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 31 हजार 63, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 26 हजार 32, आमेर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार 487, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 7 हजार 735, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 89 हजार 914 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 35 हजार 908, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 82 हजार 25, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 21 हजार 135, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 50 हजार 343, सिविल लाइन्स विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 71 हजार 848, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 44 हजार 732, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 42 हजार 101 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 26 हजार 263 परिगणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची में अब साधारण जानकारी के आधार पर नाम खोजने का विकल्प मुहैया करवाया गया है, जिससे मतदाताओं को अपना नाम खोजने और परिगणना प्रपत्र भरने में और अधिक सहजता मिलेगी। निर्वाचन विभाग द्वारा साथ ही मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु ऑनलाइन विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। मतदाता स्वयं अपना परिगणना प्रपत्र https// voters.eci.gov.in/ पर जाकर अथवा प्रदान किए गए QR Code को स्कैन कर ऑनलाइन भर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने तथा अपने परिवारजनों के परिगणना प्रपत्र अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन भरकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। जिले में परिगणना प्रपत्रों के डिजिटलीकरण की प्रगति के अनुसार विधानसभा क्षेत्र बस्सी सर्वाधिक 91.83 फीसदी प्रपत्रों के डिजिटलीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।